दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





किंग का नया टीजर ......
टाइपकास्टिंग से बचने ........

वर्ष : 12 | अंक : 125 | लखनऊ, 27 अप्रैल, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# यूपी यानी सेफ्टी, स्टेबिलिटी एंड स्पीड की गारंटी

## ट्रस्ट व टाइमली डिलीवरी के लिए पहचाना जा रहा यूपी, हर रिलायबल पॉलिसी पार्टनर के साथ खड़ा है उत्तर प्रदेश

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 17 फार्मा कंपनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन प्रदेश के औद्योगिक विकास और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक पड़ाव है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की गारंटी है। उन्होंने कहा कि राज्य अब ट्रस्ट और टाइमली डिलीवरी के लिए देशभर में नई पहचान बना रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार हर विश्वसनीय निवेशक और पॉलिसी पार्टनर के साथ मजबूती से खड़ी है और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि फार्मा सेक्टर में हो रहा यह निवेश प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा और स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाएगा। कार्यक्रम में मौजूद निवेशकों और उद्यमियों ने राज्य सरकार की नीतियों और तेज फैसलों की सराहना करते हुए प्रदेश में निवेश को लेकर सकारात्मक रुख व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। देश की अर्थव्यवस्था ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। हम 200 देशों को सस्ती व गुणवत्तापरक दवाइयां उपलब्ध करा रहे हैं। विगत दिनों हुए फॉर्मा कॉन्क्लेव ने ग्लोबल हेल्थटेक के मैप पर उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि आपका निवेश केवल फॉर्मा/मेडिकल डिवाइस के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता के विश्वास के साथ जुड़ा है। लगभग 2000 करोड़ का निवेश रिसर्च एवं डवलपमेंट में उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायता करेगा। इस निवेश से उत्तर प्रदेश के 10 हजार से अधिक स्किल्ड/अनस्किल्ड युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम धरातल पर दिखाई दे रहा है। यूपी में निवेश से नई संभावनाएं पैदा हुई हैं।

विगत 9 वर्ष में सरकार की स्पष्ट नीति व साफ नीयत के कारण उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से निकलकर देश का ग्रोथ इंजन बना है। यूपी का जीएसडीपी बढ़कर 36 लाख करोड़ हो गया है। सीएम योगी ने निवेशकों से कहा कि यूपी बड़ा मार्केट है। यहां का माहौल उद्योगों के अनुकूल है। यहां पर्याप्त लैंडबैंक है। यूपी में हर सेक्टर में कार्य करने वाला वर्कफोर्स उपलब्ध है। यहां का 56 फीसदी वर्कफोर्स युवा है। इन युवाओं को स्किल, इनोवेशन व टेक्नोलॉजी से जोड़कर मार्केट की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। प्रदेश में वर्तमान में 21 हजार से अधिक स्टार्टअप कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से कहा कि विकास की पहली शर्त कानून व्यवस्था है। 2017 के पश्चात यूपी की सुदृढ़ कानून व्यवस्था से देश-दुनिया परिचित है। प्रदेश अब पॉलिसी पैरालिसिस से निकलकर पॉलिसी स्टेबिलिटी तक पहुंच गया है। यहां 34 से अधिक सेक्टोरल पॉलिसी है। निवेश मित्र, निवेश सारथी, उद्यमी मित्र उद्यमियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद यूपी में आए बदलावों से भी अवगत कराया।

कहा कि 2017 में यूपी में 14 हजार कारखाने थे, जो आज बढ़कर 32 हजार हो गए हैं। इनसे व्यापक रोजगार सृजन हुआ है। यूपी में अब तक 45 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ के प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं। जल्द ही 7 से 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को यूपी की सफलता की कहानी भी बताई। 2017 तक यूपी में 40 मेडिकल कॉलेज थे, आज यह संख्या बढ़कर 83 हो गई है। हर मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज भी है। यहां दो एम्स (गोरखपुर व रायबरेली) भी हैं। राज्य में आयुष विश्वविद्यालय संचालित हो चुका है। ललितपुर में 1500 एकड़ में फॉर्मा पार्क विकसित किया जा रहा है। नोएडा में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित कर रहे हैं। इसमें अब तक 100 से अधिक कंपनियां जुड़ चुकी हैं। फॉर्मा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर उत्सुकता जताई और विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उनका निवेश ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

**इन 17 निवेशकों को लेटर ऑफ कम्फर्ट प्रदान किये :** मुख्यमंत्री जी ने 17 निवेशकों को लेटर ऑफ कम्फर्ट प्रदान किए। इनमें बायोजेंटा लाइफसाइंस प्राइवेट लिमिटेड (बाराबंकी में 1250 करोड़), रोमन्स मेडवर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड (नोएडा में 136.89 करोड़), हाईग्लांस लेबोरेट्रीज प्रा. लि. (नोएडा में 120 करोड़), कोटेक हेल्थकेयर (गाजियाबाद में 100 करोड़), जेबी रेमेडीज प्रा. लि. (हाथ?स/नोएडा में 70 करोड़), पॉजिट्रॉन बायोजेनिक्स प्रा. लि. (कानपुर में 60.24 करोड़), आईवी टेक हेल्थकेयर एलएलपी (अलीगढ़ में 56.12 करोड़), जेबीजेएम पैरेंट्रल्स प्रा. लि. (ललितपुर में 51 करोड़), रास्पा फॉर्मा प्रा. लि. (रायबरेली में 45.21 करोड़), एनबीएस ग्रुप (सीतापुर में 42.59 करोड़), वेलनेस जेडक्योर फॉर्मास्यूटिकल्स प्रा. लि. (जालौन में 11.65 करोड़), कैमले इंडस्ट्रीज प्रा. लि. (सहारनपुर में 10 करोड़), रेडिकॉन लैबोरेट्रीज लि. (नोएडा में 10 करोड़), संजीवनी मेडिटेक प्रा. लि. (बरेली में 7.95 करोड़), सेफकॉन लाइफसाइंसेज प्रा. लि. (बरेली में 6.43 करोड़), आरएपी मेड सर्जिकल प्रोडक्ट्स (हाथरस में 5.53 करोड़), वोडा केमिकल प्रा. लि. (हापुड़ में 4.84 करोड़) रुपये से निवेश करेगी।

# गंगा एक्सप्रेसवे कॉरिडोर में निवेश की बाढ़ 12 जिलों को मिलेगा औद्योगिक बूस्ट

- **मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए बड़ा केंद्र बनेगा कॉरिडोर**
- **मेरठ से प्रयागराज तक स्थापित होंगे आईएमएलसी, क्षेत्रीय संतुलित विकास सुनिश्चित होगा**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे को देशवासियों को समर्पित करेंगे। योगी सरकार इस परियोजना को एक्सप्रेसवे सह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मॉडल के रूप में आगे बढ़ा रही है। सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को औद्योगिक विकास से जोड़ते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के रूप में विकसित किया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की इस योजना के तहत 594 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के किनारे 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे हैं, जिनके लिए 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। अब तक 987 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनके जरिए लगभग ?47 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य तय किया गया है। यह पूरी योजना 12 जिलों में औद्योगिक विकास का नया नेटवर्क खड़ा करेगी।

आईएमएलसी योजना के तहत पूरे एक्सप्रेसवे कॉरिडोर में सभी 12 जिलों में 12 नोड्स बनाए गए हैं। इन नोड्स के लिए कुल 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। प्रत्येक नोड को उसकी भौगोलिक स्थिति और औद्योगिक संभावनाओं के आधार पर डिजाइन किया गया है, ताकि मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को एकीकृत रूप से बढ़ावा मिल सके। मेरठ से प्रयागराज तक हर नोड का लोकेशन और एरिया तय कर लिया गया है। इन नोड्स की यह स्ट्रैटेजिक प्लानिंग पूरे एक्सप्रेसवे को एक इकोनॉमिक ग्रोथ बेल्ट में बदल देगी। आईएमएलसी योजना को निवेशकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। अब तक 987 इंटेंट्स ऑफ इन्वेस्टमेंट (ईओआई) प्राप्त हुए हैं, जिनके जरिए 46,660 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। यह निवेश मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिंग, ई-कॉमर्स सप्लाई चेन और एग्री-प्रोसेसिंग सेक्टर में आएगा। एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित होने वाले आईएमएलसी नोड्स माल परिवहन को तेज और सस्ता बनाएंगे, जिससे उद्योगों की लागत घटेगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

**12 जिलों में संतुलित विकास, हरदोई बनेगा प्रमुख केंद्र :** यह कॉरिडोर 12 जिलों को सीधे जोड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय असमानता कम होगी। खासतौर पर हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ जैसे जिलों में औद्योगिक गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में बड़ा इजाफा होगा। योगी सरकार का फोकस अब केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे औद्योगिक विकास से जोड़कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देना है। गंगा एक्सप्रेसवे के साथ विकसित हो रहा आईएमएलसी मॉडल इस विजन का प्रमुख हिस्सा है, जो उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम है।

## खबर संक्षेप

### गिरफ्तारी से बचने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे खेड़ा

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी हाई कोर्ट द्वारा एंटीसिपेटरी बेल की याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस नेता



पवन खेड़ा ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वह असम के सीएम हिमंता की पत्नी द्वारा एफआईआर मामले में एंटीसिपेटरी बेल के लिए शीर्ष अदालत पहुंचे हैं। हाईकोर्ट ने अर्जी रद्द कर दी है।

### नीट यूजी एडमिट कार्ड आज किया जाएगा जारी

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 के एडमिट कार्ड का इंतजार कर रहे कैंडिडेट्स के लिए एक बड़ा



अपडेट है नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज जारी होने वाले एडमिट कार्ड को स्थगित कर दिया है। एनटीए ने बताया अब नीट यूजी एडमिट कार्ड 27 अप्रैल को जारी किया जाएगा।

### हिमाचल में 9 साल बाद फिर अपार्टमेंट एक्ट

सोलन में चेस्टर हिल प्रोजेक्ट में कायदे कानूनों को ताक पर रखकर हुए निर्माण से सबक लेकर सरकार



ने 9 साल बाद प्रदेश में अपार्टमेंट एक्ट को दोबारा लागू करने का फैसला किया है। प्रदेश में आवासीय परियोजनाओं के मनमाने निर्माण पर अंकुश लगेगा और बाह्य विकास शुल्क की वसूली शुरू होगी। प्रदेश की आय होगी।

### दिल्ली के नरेला में फैक्टरी में लगी आग

**नरेला।** दिल्ली के नरेला में एक फैक्टरी में आग लग गई। रविवार सुबह नरेला में प्लास्टिक दाने की



फैक्टरी में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की 10गाड़ियां आग बुझाने में जुटी है। दमकल अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। काबू कर लिया है।

## 'मन की बात' के 133वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को किया संबोधित

# कच्छ की 'फ्लेमिंगो सिटी' के मुरीद हुए पीएम मोदी, पक्षियों को बताया 'लाखा जी के बाराती'

**इसके साथ ही देश की उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,





पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के 133वें एपिसोड में फ्लेमिंगो (राजहंस) पक्षियों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास के बारे में चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बरसात खत्म होते ही कच्छ के रण की धरती जीवंत हो जाती है। हर साल लाखों फ्लैमिंगो यहां आते हैं। पूरा इलाका गुलाबी रंग से रंग जाता है, इसलिए इसे फ्लैमिंगो सिटी कहा जाता है। ये पक्षी यहीं घोंसले बनाते हैं और अपने बच्चों को बड़ा करते हैं। कच्छ के लोग इन्हें 'लाखा जी के बाराती' कहते हैं। अब लाखा जी के ये बाराती कच्छ में पर्यावरण संरक्षण के बड़े सुंदर प्रतीक बन गए हैं। पीएम ने कहा कि जैसे ही मॉनसून खत्म होता है, यहां की जमीन जीवंत हो उठती है। हर साल, लाखों फ्लेमिंगो यहां आते हैं। पूरा इलाका गुलाबी रंग का हो जाता है, इसीलिए इसे 'फ्लेमिंगो सिटी' कहा जाता है। ये पक्षी यहीं अपने घोंसले बनाते हैं और अपने बच्चों को पालते हैं।

### पवन ऊर्जा के मामले में भारत अब विश्व में चौथे स्थान पर आ पहुंचा

प्रधानमंत्री ने ताजा संस्करण में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में देश की उपलब्धि का जिक्र किया और कहा कि यह राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति और एक स्थायी भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एक वर्ष 6 गीगावाट की नई पवन ऊर्जा स्थापित करने का मील का पत्थर हासिल किया है और इस उपलब्धि ने अंतरराष्ट्रीय जगत का भी ध्यान भारत की ओर खींचा है। पवन ऊर्जा की कुल क्षमता के मामले में भारत अब वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है। उन्होंने इस उपलब्धि को केवल एक तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति और सतत भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रतीक बताया।

### 'वायुर्वा इति व्यष्टिः, वायुरवै समष्टिः

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में सौर और पवन ऊर्जा के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज मैं एक ऐसी शक्ति की बात करना चाहता हूं, जो अदृश्य है, लेकिन जिसके बिना हमारा जीवन एक पल भी ना चले। यही ताकत भारत को आगे बढ़ा रही है। यह हमारी पवन-शक्ति है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है- 'वायुर्वा इति व्यष्टिः, वायुरवै समष्टिः।' अर्थात वायु सिर्फ एक तत्व नहीं है, यह जीवन की ऊर्जा है, यह समष्टि की शक्ति है।

### बांस उद्योग से बदल रही नॉर्थ ईस्ट की तस्वीर, महिलाएं हो रहीं लाभान्वित

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संबोधित करते हुए उत्तर-पूर्व भारत की उपलब्धियों और उसकी संभावनाओं पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में बांस उद्योग तेजी से बदल रहा है। यह क्षेत्र अब रोजगार और नवाचार का बड़ा केंद्र बन गया है। इससे महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने और आय के नए अवसर मिल रहे हैं। पीएम मोदी ने उत्तर-पूर्व को भारत की 'अष्टलक्ष्मी' बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र न सिर्फ प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है, बल्कि यहां अपार प्रतिभा और अवसर भी मौजूद हैं।

### देशवासियों से जनगणना 2027 को सफल बनाने को कहा

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से जनगणना 2027 को मिलकर सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है।प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में इस समय एक बहुत अहम अभियान चल रहा है, जिसके बारे में हर भारतीय को जानकारी होनी जरूरी है।

### यह भी बोले-दुनिया की थाली तक पहुंचा भारत का स्वाद

पीएम मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम में भारत के डेयरी सेक्टर की बढ़ती ताकत और वैश्विक स्तर पर भारतीय चीज की पहचान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत का स्वाद, परंपरा और गुणवत्ता अब दुनिया भर में नई पहचान बना रहे हैं।हमारे देश में खान-पान की परंपराएं सिर्फ स्वाद तक सीमित नहीं रही हैं। भारतीय चीज भी इसी परंपरा का अहम हिस्सा है। उन्होंने बताया कि ब्राजील में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारत के दो ब्रांड्स को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर भी खूब हुई।

## विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई

# अग्रिम जमानत भले न दें, लेकिन सरेंडर का आदेश नहीं दे सकतीं कोर्ट



**सर्वोच्च अदालत ने क्षेत्राधिकार पर कहा**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश की सर्वोच्च अदालत ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे।

### धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले की सुनवाई

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे।

### झारखंड से जुड़ा है यह मामला

यह पूरा मामला झारखंड हाईकोर्ट के एक पुराने आदेश से उपजा था। हाई कोर्ट ने भूमि विवाद से संबंधित एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका खारिज करने के साथ ही हाई कोर्ट ने आरोपी को निर्देश दिया था कि वह निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करे और नियमित जमानत के लिए आवेदन करे।पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। इनमें धारा 323 यानी स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, 420-धोखाधड़ी, 468 यानी धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी और 471-जाली दस्तावेज का उपयोग शामिल हैं।

## रेलमंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

# बेंगलुरु में बनेगी नई बुलेट ट्रेन आइसीएफ-बीइएमएल को जिम्मा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



स्वदेशी बुलेट ट्रेन बी-28 का उत्पादन बंगलुरु में किया जाएगा। इन ट्रेनों का निर्माण सवारी डिब्बा कारखाना (आईसीएफ), चेन्नई और भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीइएमएल) मिलकर करेंगे। इके लिए 'आदित्य' विशेष परिसर तैयार किया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उच्च गति रेल के निर्माण के लिए समर्पित इस विशेष परिसर का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि उच्च गति रेल तकनीक बेहद जटिल और पेचीदा होती है। देश के भीतर इसका विकास स्वदेशी अभियांत्रिकी के क्षेत्र में मील का पत्थर है। यहां आईसीएफ और बीइएमएल द्वारा ट्रेनों को तैयार किया जाएगा। इस परिसर में विशेष रूप से रोबोटिक लेजर वेल्डिंग सिस्टम समेत कई आधुनिक और हाई-प्रिसिजन मशीनों की सुविधा दी गई है। इन ट्रेनों का निर्माण 250 किमी या इससे अधिक गति से चलने के लिए किया जाएगा।

## दल बदल से लुधियाना में दूसरे दिन भी 'आप' ने किया हंगामा

# दलबदलुओं के खिलाफ प्रदर्शन-नारेबाजी, रजिंदर गुप्ता का पुतला जलाया

**राज्यसभा सदस्यों के खिलाफ कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी दिखी**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



लुधियाना में आप से जुड़े कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन रविवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। पार्टी छोड़ने वाले राज्यसभा सदस्यों के खिलाफ कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने किचलू नगर स्थित सांसद रजिंदर गुप्ता के दफ्तर के बाहर धरना देकर विरोध जताया। प्रदर्शन की अगुवाई शहरी प्रधान जतिंदर खंगूड़ा ने की, जबकि विधायक राजिंदर कौर छीन भी मौजूद रहीं। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने दफ्तर के बाहर जमकर नारेबाजी की और पार्टी छोड़ने वाले नेताओं के खिलाफ रोष प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान माहौल पूरी तरह गरम रहा।

## बागी सांसदों को संजय की दो टूक

### पहले इस्तीफा दीजिए फिर जहां जाना हो जाइए



**नई दिल्ली।** आप के राज्यसभा सांसद नेता संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी से बगावत करने वाले 7 राज्यसभा सांसदों को साफ संदेश दिया कि आप जिस दल से चुने गए है अगर आपको उससे मतभेद है तो आप इस्तीफा दीजिए और जहां जाना जाइए।

### राघव समेत सभी 7 की जाएगी सांसदी


सिंह ने आप के दो-तिहाई राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर एक बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि इन सभी बागियों की राज्यसभा सदस्यता जाएगी। सिंह ने यह भी बताया कि किन आधार पर बागियों की सदस्यता जाएगी। सिंह का यह बयान ऐसे वक्त में सामने आया है जब आप ने साफ कर दिया है कि वह बागी सांसदों को राज्यसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित करने की मांग करेगी। सिंह ने रविवार को राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन को पत्र भेजकर राघव चड्ढा समेत राज्य सभा के उन 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की गुजारिश की है। जिन्होंने भाजपा में विलय की घोषणा की है।

### बागियों की सदस्यता जानी तय

संजय ने दावा किया कि राज्यसभा के इन 7 बागी सदस्यों की सदस्यता तो जानी तय है। इनकी ओर से उठाया गया कदम दल-बदल के समान है। सदस्यों का कदम संबंधित कानूनी प्रावधानों के खिलाफ है।

# भीषण गर्मी से उबाल, रिकॉर्ड 43 डिग्री पर तपी राजधानी

## बांदा में 46.6 व प्रयागराज में तीन साल बाद 45.7 डिग्री रहा अधिकतम तापमान




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भीषण गर्मी से पूरा उत्तर भारत उबल रहा है। राजधानी लखनऊ में आज तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस सीजन में यह तापमान अब तक सबसे अधिक है। अप्रैल की सबसे भीषण सुबह में से सबसे अधिक तपिश रही। शनिवार को भी सुबह 8 बजे ही सूरज की तेज गर्मी पड़ रही थी। तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अमौसी स्थित आईएमडी लखनऊ के अनुसार हवा के निचले क्षोभमंडल में आ रही गर्म पछुआ की वजह से लू की स्थिति बन रही है। अभी महाराष्ट्र के ऊपर प्रति चक्रवात की स्थिति भी बनी हुई है। यह सिस्टम गर्म हवा को यूपी की ओर धकेल रहा है। नतीजतन रविवार को हरदोई, प्रयागराज, बांदा, अलीगढ़ और फुर्सतगंज में हीट वेव यानी लू की स्थिति दर्ज की गई। प्रदेश में रविवार को बांदा देश में सबसे गर्म रहा। यहां 47.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। अप्रैल में रिकॉर्ड तापमान 2022 जैसा है। प्रयागराज देश में चौथे स्थान पर रहा। यहां पारा 45.5 डिग्री रहा।

मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, बांदा में तापमान 46.6 दर्ज किया गया। दूसरे नम्बर पर प्रयागराज रहा, जहां का अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रयागराज में तीन साल बाद इतनी गर्मी पड़ रही है। प्रयागराज में इसके पूर्व 2022 की 29 अप्रैल को 46.8 डिग्री तापमान रहा था। इसके पूर्व 2025 में 44.8 डिग्री, 2024 में 44.2 डिग्री और 2023 के अप्रैल माह में 44.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार सूबे के 40 जिलों में तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। आठ जिलों में 44 या इससे अधिक और 7 जिलों में 43 डिग्री या इससे ज्यादा अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार रायबरेली के फुर्सतगंज में 44.7 डिग्री अधिकतम तापमान रहा। हमीरपुर में 44.2, कानपुर नगर में 44.1, वाराणसी बीएचयू में 44, आगरा में 43.9, अलीगढ़ में 43.6 तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार फतेहगढ़, शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ और अलीगढ़ में रात का तापमान ज्यादा रहा। अलीगढ़ में न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री रहा जो सामान्य से 4.9 ज्यादा था, शाहजहांपुर में 27.8 (सामान्य से 5.4 अधिक), फतेहगढ़ में 26.8 (सामान्य से 5.7 डिग्री अधिक) और मेरठ में 27.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के पूवानुर्मान के अनुसार फरुखार्बाद, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में रात का तापमान अधिक रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 27 से 28 अप्रैल को एक पश्चिमी विक्षोभ आएगा। पहले दिन पश्चिमी और अगले दिन पूर्वी यूपी में सक्रिय होगा जिससे हल्की बारिश, आंधी की स्थिति बनेगी। ऐसे में तापमान तीन से चार डिग्री नीचे आएगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक वाराणसी, गाजीपुर और प्रयागराज लू की जद में हैं। 27 अप्रैल तक लू से राहत के आसार नहीं हैं। प्रदेश में कहीं-कहीं उष्ण रात्रि की संभावना है। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ से मौसम बदलेगा। 27 अप्रैल से पश्चिमी यूपी में बारिश के संकेत हैं। मई की शुरूआत तक बारिश का असर जारी रह सकता है।





### इन शहरों में हीट वेव का यलो अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, अयोध्या, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में।

# घण्टो बिजली कटौती लेकिन एक उपभोक्ता को भी नहीं मिल सका मुआवजा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। यूपीपीसीएल ने मुआवजा कानून को बीते तीन माह पहले जारी कर दिया लेकिन अभी तक किसी भी उपभोक्ता को इसका लाभ नही मिल सका है। ऐसे मुआवजा कानून से लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को भी जागरुक करने की जरुर है। मुआवजा कानून के तहत अण्डरग्राउन्ड केबिल ब्रकडाउन 100 रुपए प्रतिदिन, सब-स्टेशन का निर्माण बाधित होने की स्थिति में वोल्टेज कम होने पर 250 रुपए प्रतिदिन, नया कनेक्शन वितरण उपलब्धता पर 50 रुपए प्रतिदिन, मीटर रीडिंग के मामले रुपए 200 प्रतिदिन, डिफेक्टिव मीटर सामान्य फ्यूज ऑफ 50 रुपए प्रतिदिन, बिलिंग शिकायत-भार में कमी आधिक पर 50 रुपए प्रतिदिन, श्रेणी परिवर्तन पर 50 रुपए प्रतिदिन, ट्रांसफार्मर फेल ग्रामीण 150 रुपए प्रतिदिन, अस्थायी कनेक्शन का निर्गमन 100 रुपए प्रतिदिन, विद्युत आपूर्ति बढाने के लिए सबस्टेशन की स्थापना 500 रुपए प्रतिदिन, काल सेन्टर द्वारा रिस्पान्स न दिया जाना 50 रुपए प्रतिदिन, फर्जी अवशेषों को आगे ले जाना रुपए 100 प्रति चक्र, नया कनेक्शन-अतिरिक्त भार जहॉ आपूर्ति नेटवर्क विस्तार 250 रुपए प्रति दिन ओवरहेड लाइन-केबिल ब्रेकडाउन 100 रुपए प्रति दिन, उदाहरण के तौर पर जैसे 1 किलोवाट का उपभोक्ता यदि महीने में 100 रुपए प्रतिकिलोवाट फिक्स चार्ज देता है तो उसका पूरे साल का फिक्स चार्ज 1200 हुआ तो उसे अधिकतम एक वित्तीय वर्ष में 360 रुपए का मुआवजा ही मिलेगा।

### फर्जी मीटर रीडरों की संख्या बढ़ी

बिजली उपभोक्ता के घर बिजली कर्मचारी बनकर बिजली बिल सही करने और मीटर धीमा करने के नाम पर लाखो की कमाई करने वालो की संख्या सौ दिन में बढ़कर सैकड़ो की संख्या में हो गयी। 20 फर्जी कर्मचारियों पर कार्रवाही भी किया गया। ऐसे में इस समस्या से निपटने के लिए विभाग के द्वारा सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र दिया जाना चाहिए जिससे उपभोक्ता सही और गलत की पहचान कर सके।

# आरटीई में आई तेज रफ्तार चार दिन में 15,679 नामांकन

अमन लेखनी समाचार

- नामांकन 1.24 लाख पार, लक्ष्य का 63.6% पूरा

लखनऊ। प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत नामांकन को लेकर योगी सरकार की सख्ती अब सीधे नतीजों में बदलती दिखाई दे रही है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा के कड़े निर्देश और स्पष्ट चेतावनी के बाद महज चार दिनों में ही पूरे प्रशासनिक तंत्र की रफ्तार बदल गई है और नामांकन प्रक्रिया ने तेज गति पकड़ ली है।

आरटीई के अंतर्गत आवंटित सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित कराने को लेकर शासन स्तर से स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि कोई भी पात्र बच्चा प्रवेश से वंचित नहीं रहना चाहिए और जहां भी लापरवाही मिलेगी, वहां सीधे कार्रवाई की जाएगी। इसी सख्ती का असर अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। गरीब और वंचित बच्चों के लिए कुल 1,95,740 आवंटनों के सापेक्ष अब तक 1,24,545 बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 63.6 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल तक यह संख्या 1,08,866 थी, लेकिन सख्त निर्देशों के बाद चार दिनों में 15,679 नए नामांकन जुड़ गए, जो लगभग 14.4 प्रतिशत की तेज बढ़त को दशार्ता है। यह उछाल बताता है कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जमीन पर असर दिखाने वाली कार्यशैली है। अब हर जिले में अधिकारी लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरी सक्रियता के साथ जुटे हैं और जवाबदेही स्पष्ट हो गई है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत नामांकन को मिशन मोड में संचालित करते हुए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि समयबद्ध लक्ष्य हासिल करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 10 साल बाद भी नहीं मिला प्लॉट, पार्थ बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनी नगर के मीरानपुर पिनवट स्थित पार्थ इंफ्राबिल्ट कंपनी के खिलाफ रविवार को सैकड़ों खरीदारों ने साइट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। वर्षों पहले लॉटरी के जरिए प्लॉट आवंटन के बावजूद अब तक कब्जा न मिलने से निवेशकों में भारी आक्रोश है। महिलाएं और बच्चे भी प्रदर्शन में शामिल हुए और कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना हक दिलाने की मांग उठाई।




निवेशकों का आरोप है कि वर्ष 2016-17 में प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओं के तहत प्लॉट आवंटित किए गए थे और उस समय पूरी कीमत भी वसूल ली गई। कई लोगों ने बैंक से लोन लेकर भुगतान किया, लेकिन 10 साल बाद भी कंपनी प्लॉट विकसित कर सौंपने में नाकाम रही है। इससे निवेशकों पर दोहरी मार पड़ रही है, एक ओर बैंक की ईएमआई और दूसरी ओर किराये का खर्च। रविवार को जब खरीदार अपनी समस्याएं लेकर साइट कार्यालय पहुंचे तो वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला, जिससे लोगों का गुस्सा और भड़क गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद कंपनी प्रबंधन न तो सुनवाई कर रहा है और न ही कोई स्पष्ट जवाब दे रहा है। प्रदर्शन के दौरान आवंटियों ने प्रोजेक्ट प्रबंधन समिति से तत्काल प्लॉट दिलाने की मांग की और चेतावनी दी कि जल्द समाधान न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। निवेशकों ने एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# गोमती सफाई अभियान 414वें रविवार को भी जारी रहा



लखनऊ। स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने अपने निरंतर अभियान के तहत 414वें रविवार को गोमती नदी तट पर लगभग दो घंटे तक स्वच्छता अभियान चलाया। प्रातः 5:30 बजे हनुमान सेतु के पास झूले लाल पार्क स्थित गोमती नदी किनारे चलाए गए इस अभियान में 5 कुंतल से अधिक कचरा निकाला गया।

अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने नदी से बड़ी मात्रा में पॉलिथीन, विसर्जन सामग्री, सैकड़ों देवी-देवताओं की मूर्तियां और अन्य अपशिष्ट पदार्थ बाहर निकाले। एकत्र कचरे को निस्तारण के लिए नगर निगम लखनऊ को सौंप दिया गया। अभियान के संयोजक रणजीत सिंह ने गोमती नदी में गिर रहे गंदे नालों को बंद कराने की मांग करते हुए जल मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से हस्तक्षेप की अपील की। इस अभियान में संजीव गोसाईं, सुनील वर्मा, रत्ना वर्मा, अर्चना सिंह, बबीता यादव, पलक, शिखा सिंह, कृपा शंकर वर्मा, रामकुमार, ललित कश्यप, आनंद वर्मा, निहाल सिंह, पवन, विवेक जोशी, कमलेश चौधरी, वीरेंद्र जोशी, परवेश जोशी, रिंकू सिंह, प्रवेश यादव, पंकज तिवारी, दिनेश दत्त पांडेय, नाथ शरण त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिन्हा, आलोक चौधरी, राजेश जोशी, राकेश सोनकर, जय सिंह, रवींद्र चौधरी सहित अनेक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। लगातार चल रहे इस अभियान को लेकर शहर में जागरूकता बढ़ रही है और लोगों से भी नदी स्वच्छ रखने की अपील की जा रही है।

# सीएमएस के दो छात्रों को मिला इन्स्पायर-मानक अवार्ड

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित सिटी मोन्टेसरी स्कूल, एक्सटेंशन कैम्पस के दो छात्र अर्जुन सिंह एवं प्रख्या यादव को विज्ञान विषय में उनकी रूचि, उत्कृष्ट ज्ञान एवं अभूतपूर्व वैज्ञानिक प्रतिभा के लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा इन्स्पायर-मानक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस अवार्ड के अन्तर्गत इन छात्रों को दस-दस हजार रुपए के नगद पुरस्कारों से नवाजा गया है। सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि देश भर के लाखों छात्रों के बीच सीएमएस छात्रों का इस अत्यन्त प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयनित होना वास्तव में गर्व की बात है।

# 'थैंक यू डॉक्टर' में मरीजों और चिकित्सकों के सम्मान




लखनऊ। इंदिरानगर स्थित डा. केयर होम्योपैथी हॉस्पिटल की ओर से मरीजों और चिकित्सकों के सम्मान में थैंक यू डॉक्टर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल के डाक्टरों एवं मेडिकल स्टाफ ने मरीजों को सर्टिफिकेट, मोमेंटो एवं उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कई मरीजों एवं उनके परिवारजनों ने डॉक्टरों के साथ फोटो खिंचवाए और अपने अनुभव साझा किए। पूरे आयोजन का माहौल उत्साह, खुशी और भावनात्मक जुड़ाव से भरपूर रहा।

# गोमतीनगर में आज रहेगी बिजली गुल

लखनऊ। गोमतीनगर के विश्वासखंड उपकेंद्र में सोमवार को दोपहर तीन बजे से शाम चार बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे विवेकखंड, विजयखंड, उजरियांव सहित कई इलाके प्रभावित होंगे। न्यू कैंपस उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे रीगल रेजीडेंसी, मिजार्पुर, तिवारीपुर, कोटवा, सुंदर विहार, शुक्ला चौराहा, सीता विहार सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे। गोमतीनगर के विश्वासखंड उपकेंद्र में सोमवार को दोपहर तीन बजे से शाम चार बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे विवेकखंड, विजयखंड, उजरियांव सहित कई इलाके प्रभावित होंगे। न्यू कैंपस उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली गुल रहेगी, जिससे रीगल रेजीडेंसी, मिजार्पुर, तिवारीपुर आदि प्रभावित होंगे।

# शस्त्र से फायरिंग तो प्रशासन करेगा लाइसेंस निरस्त

लखनऊ। शादी कार्यक्रम में लाइसेंसी शस्त्र से फायरिंग किया तो अब पुलिस के साथ-साथ डीएम के यहां से भी तत्काल कार्रवाई होगी। इसके लिए डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश जारी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हर्ष फायरिंग जिस क्षेत्र में ज्यादा होती है वहां पर अधिकारियों को देखरेख के लिए तैनात किया जाय। अधिकारियों के पास जिनके घरों में लाइसेंस दिया गया है वहां की सूची होनी चाहिए। जिससे वह घर का वेरिफिकेशन भी कर सके। उन्होंने कहा कि इससे पहले पुलिस को भी सूचना दिया जाना चाहिए। पुलिस के साथ मौके पर जाकर लाइसेंस की मांग करना होगा और फिर लाइसेंस की प्रक्रिया को निरस्त करने के लिए तत्काल लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस भी हर्ष फायरिंग की सूचना मिलती है तो वह लिखित रुप से लाइसेंस निरस्त करने के लिए कह सकता है।

## स्वास्थ्य सेवाएं, संवेदनशील प्रशासन, युवाओं को प्रोत्साहन बना केंद्र

# सरोजनीनगर में जनता को मिल रही त्वरित राहतः डॉ राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औरंगाबाद खालसा, बिजनौर में 165वें आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी पहल की गई। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। कार्यक्रम के दौरान कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें रोड व नाली, पुलिस, पार्क सौंदर्यीकरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आर्थिक सहायता, हैंडपंप, नगर निगम, आयुष्मान कार्ड, साइकिल, स्ट्रीट लाइट एवं नाली सफाई जैसी समस्याएं शामिल रहीं। इनमें से 4 आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिली।

कार्यक्रम के अंतर्गत 3 लाभार्थियों– शंकर, नारायण एवं कलावती–के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत 53 वृद्धजनों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 30 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए। हाई स्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार विद्यार्थियों को साइकिल घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दसवीं की छात्रा अंजली शुक्ला को 77.33% और अभिषेक साहू को 83.3 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, इंटरमीडिएट के छात्र देव वर्मा को 70.4% और छात्रा संध्या रावत को 78.4% अंक लाने पर सम्मान मिला। कार्यक्रम में सामाजिक और युवा भागीदारी को बढ़ावा देते हुए 115वें गर्ल्स यूथ क्लब एवं 179वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया।

# बिजली बिल में जुडकर आ रहा है अतिरिक्त पैसा तो करें शिकायत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिजली विभाग उपभोक्ता को हर तरह से परेशान करना चाहता है। कभी बिजली बिल में अधिक पैसा जोड़कर तो कभी मीटर रीडिंग अधिक डालकर। लेकिन अब 100 से लेकर 500 रुपये तक अतिरिक्त पैसा जुड़कर आ रहा है। जिससे उपभोक्ता को दिखाई भी नही पड़ता है। जिस पर उपभोक्ता ध्यान नही देता है और बिल जमा कर देता है। जबकी उपभोक्ता इस बात की लिखित शिकातय करे तो विभाग के अधिकारियों द्वारा वह पैस उपभोक्ता को वापस मिल सकता है।

लेसा के लाखो उपभोक्ता में लगभग 20 प्रतिशत उपभोक्ता का बिल गलत बनने की शिकायत बिजली उपकेन्द्र तक पहुंच रही है। ऐसे में अधिकारी ज्यादातर उपभोक्ता को बिल सही करने के बजाय, उपभोक्ता को बिल सही बताकर घर भेज देते है। अमीनाबाद के अशरफ ने बताया कि बिजली बिल समय पर जमा करने बाद भी कभी तीन तो कही भी 23 रुपए अतिरिक्त बिल में जुड कर आ रहा था जिसकी शिकायत अधिशासी अभियंता से किया गया तो उन्होंने सिस्टम की कमी होने का हवाला देकर रमेश को चलता कर दिया। जिसको लेकर उपभोक्ता मुख्य अभियंता के पास लिखित शिकातय लेकर पहंच गयी। तब जाकर उसका बिल ठीक किया गया। लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता ने कहा कि किसी भी उपभोक्ता में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त चार्ज लिया जा रहा है तो उस उपभोक्ता का बिल सही किया जायेगा।

# जनगणना प्रशिक्षण से गैर हाजिर रहे 518 कर्मी

लखनऊ। जनगणना के काम में लापरवाही पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले प्रगणक और सुपरवाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रविवार को 518 कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए। जनपद में 21 अप्रैल से जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। नगर निगम के अलग-अलग जोनों में इसके लिए केंद्र बनाए गए हैं। जोन-2 में ईदगाह ऐशबाग, जोन-3 में केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-जे अलीगंज, जोन-5 में मानस नगर स्थित इंडिया लिटरेसी बोर्ड और जोन-6 में सेंट जोसफ स्कूल व स्पर्श दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रविवार को जोन-2 में 300 में से 112, जोन-3 में 450 में से 178, जोन-5 में 135 में से 47 और जोन-6 में 581 में से 181 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर 518 प्रगणक और सुपरवाइजर की गैरहाजिरी ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

# पेपर मिल कॉलोनी के री-डेवलपमेंट का विरोध

लखनऊ। पेपर मिल कॉलोनी के प्रस्तावित री-डेवलपमेंट के खिलाफ सोमवार को स्थानीय निवासियों का विरोध खुलकर सामने आ गया। कॉलोनी स्थित तिकोना पार्क में क्षेत्रीय पार्षद राजेश सिंह गब्बर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने सभा कर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की योजना का विरोध किया।

सभा में मौजूद लोगों ने कहा कि कॉलोनी को ध्वस्त कर पीपीपी मॉडल के तहत अपार्टमेंट बनाने की योजना उचित नहीं है। निवासियों का आरोप है कि कॉलोनी के भवन अभी भी मजबूत और सुरक्षित हैं, पार्क हरे-भरे हैं और सड़कों व पर्यावरण की स्थिति भी बेहतर है। इसके बावजूद प्राधिकरण कॉलोनी को जर्जर घोषित कर ध्वस्तीकरण की तैयारी कर रहा है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि वर्षों से कॉलोनी के रखरखाव में एलडीए ने कोई जिम्मेदारी नहीं निभाई, जबकि निवासी अपने स्तर पर इसे बेहतर बनाए हुए हैं। ऐसे में अचानक री-डेवलपमेंट का प्रस्ताव लाकर लोगों को बेघर करने की कोशिश की जा रही है। सभा में सर्वसम्मति से तय हुआ कि भविष्य में किसी भी कार्रवाई का जोरदार विरोध किया जाएगा। वहीं, एलडीए अधिकारियों का कहना है कि यह योजना शासन की री-डेवलपमेंट नीति के तहत लाई गई है। अधिकारियों के मुताबिक कॉलोनी में कई जगह अवैध कब्जे और निर्माण हो चुके हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त अपार्टमेंट विकसित किए जाएंगे। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के पास वैध आवंटन या कानूनी अधिकार हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बिना शुल्क नए आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। हालांकि, निवासियों के बढ़ते विरोध के चलते यह मुद्दा फिलहाल तूल पकड़ता नजर आ रहा है। सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्राधिकरण की ओर से भविष्य में यदि कोई भी कार्रवाई की जाती है तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। कॉलोनीवासियों ने स्पष्ट किया कि वे अपने आवास और क्षेत्र के स्वरूप को बचाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

# चिकित्सा शिविर में 225 मरीजों को मिला उपचार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खाला बाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र में रविवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, इसमें 225 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। सबसे ज्यादा मरीज मौसमी बीमारी से पीड़ित होने पर आये। शिविर में चेस्ट रोग के डा. विनय मिश्रा, मेडिकल कालेज के हड्डी रोग विभाग के डा. देवर्षि रस्तोगी, हृदय रोग के डा. हिमांशू रस्तोगी, शुगर रोग के डा. संदीप अग्रवाल, हड्डी रोग होम्योपैथिक के डा. पंकज श्रीवास्तव, आयुर्वेद के वैद्य अनूप भटनागर, नेत्र रोग के डा. सुमित रस्तोगी, दन्त रोग के डा. यश रस्तोगी ने मरीजों को परामर्श दिया।

शिविर आयोजक सत्यवादी हरिश्चन्द्र स्वास्थ्य परीक्षण समिति के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि उपचार के साथ जरूतमंद मरीजों की जांचें की गयीं, इनमें 55 मरीजों ने शुगर की रैन्डम जांच व 60 मरीजों ने थायराइड की जांच, 45 मरीजों ने ईसीजी जांच की गयी।

# लोहिया संस्थान में रोगी मॉनिटरिंग शॉक प्रबंधन प्रशिक्षण सम्पन्न

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के जनरल मेडिसिन विभाग की ओर से रूमेटोलॉजी एवं पल्मोनोलोजी पर आधारित कार्यशाला रविवार को सम्पन्न हो गयी। आंतरिक चिकित्सा के प्रमुख क्षेत्रों रूमेटोलॉजी, इंटरस्टिशियल लंग डिजीज, तपेदिक (टीबी) तथा क्रिटिकल केयर मेडिसिन में चिकित्सा स्नातकोत्तर छात्रों के नैदानिक ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्रिटिकल केयर सत्र अत्यंत इंटरैक्टिव रहा, जिसमें रोगी मॉनिटरिंग, शॉक प्रबंधन एवं सेप्सिस प्रोटोकॉल के सिद्धांतों को शामिल किया गया। कार्यशाला में संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि डा. एमके मित्रा, पूर्व विभागाध्यक्ष मेडिसिन विभाग केजीएमयू थे और मुख्य वक्ता के रह्यूमटोलजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. पुनीत एवं पल्मोनोलॉजिस्ट डा. विजय हाड़ा ने भाग लिया।

# केजीएमयू सम्मेलन में आंशिक घुटना प्रत्यारोपण पर मंथन

लखनऊ। केजीएमयू के ऑथोर्पेडिक और एनाटॉमी विभाग की ओर से अवध क्लर्क इन होटल में आंशिक घुटना प्रत्यारोपण पर आधारित विशेष शैक्षणिक सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर प्रो. शैलेश सिंह, डॉ. जीके सिंह, डॉ. विनीत शर्मा, संजीव कुमार और डॉ. आशीष कुमार ने किया। सम्मेलन में विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीक, सफल उपचार पद्धतियों और मरीजों को होने वाले लाभ पर चर्चा की। डॉ. राजीव कुमार शर्मा समेत अन्य वक्ताओं ने आंशिक घुटना प्रत्यारोपण की उपयोगिता और नई चिकित्सीय संभावनाओं की जानकारी दी।

# विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियां सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल एवं गुरुद्वारा सदर द्वारा मैक्स हॉस्पिटल के सहयोग से बैसाखी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन मैक्स हॉस्पिटल के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों के रूप में सांसद बृजलाल, मुख्यमंत्री सलाहकार अविनाश अवस्थी, एमएलसी मुकेश शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री सरजीत सिंह डंग, कैंट बोर्ड सदस्य प्रमोद शर्मा, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, प्रशांत भाटिया मुख्य रूप से सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों– शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा, प्रशासन एवं अन्य क्षेत्रों–में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश एवं लखनऊ से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए प्रमुख हस्तियों में चारू गाबा, प्रीति सिंह, धर्मवीर बग्गा, बलबीर सिंह (आराधना उम्मीद संस्था), अनिल वर्मा, जसपाल सिंह पाली (लखीमपुर), गुरप्रीत सिंह बिन्नर, डॉ. मेजर मनमीत कौर सोढ़ी, नरेंद्र सिंह मोंगा, हरमिंदर सिंह मिंदी, बबलू माजी (पीलीभीत), रणजीत सिंह (ब्लॉक रोड गुरुद्वारा), सुखचैन सिंह (कविशर), कुलवंत सिंह (पूर्व प्रधान, लखीमपुर), सुखवंत सिंह भटेशा, गुरमीत सिंह भुल्लर तथा विशेष रूप से दिव्यांग इन्फ्लुएंसर जगजीत सिंह शामिल रहे, जिन्हें समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनका उपस्थित जनसमूह ने भरपूर आनंद लिया। मुख्य रूप से गुरुद्वारा सदर एवं ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल से सरदार हरपाल सिंह राणा (प्रदेश अध्यक्ष), सरदार परमजीत सिंह पी.जी. (जिला अध्यक्ष), सरदार जगतार सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह, सदस्य सुधरता स्कॉलरशिप भूमि, पूर्व अध्यक्ष एवं महामंत्री सरदार इंद्रजीत सिंह खालसा, सरदार इंदर सिंह, सरदार राजेंद्र सिंह बिंद्रा, सरदार कुलबीर सिंह चौधरी, सरदार जसविंदर सिंह बेदी एवं अन्य सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भविष्य में भी समाज सेवा एवं जनहित के ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

## संक्षेप

### सूर्यदेव की तपिश से लोगों का हाल बेहाल, नहर तालाब सब सूखे पशु पक्षी बेहाल

सुमेरपुर, उन्नाव। अप्रैल का महीना खत्म होते ही गर्मी का पारा रिकॉर्ड ऊपर जा रहा है। नतीजा लोग गर्मी से बेहाल दिख रहे हैं। वही अधिक गर्मी होने के जीव जंतुओ को पानी का संकट मंडरा रहा है। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में दिन का तापमान लगभग 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा वहीं रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा । गर्मी की प्रचंडता ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तहसील क्षेत्र में नहरे सुखी पड़ी होने व तालाबो में पानी न होने के कारण जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बीघापुर रजबहा से निकली पाटन माइनर में पिछले 20 वर्षों से पानी देखने को लोग तरस गए। दिसंबर के महीने में दो दिन के लिए पानी आया लेकिन नहर की सफाई कागजो पर ही हो गयी। क्षेत्रीय लोगो में फसल चिकित्सक बृजेन्द्र सिंह 'राजू', अम्बुज सिंह, दिवाकर सिंह, सुनील यादव, आदि ने अविलंब नहर चलवाने की मांग शासन से की है।

### जामुन के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकता मिला अज्ञात युवक का शव

पुरवा, उन्नाव। बिल्लेश्वर महादेव मंदिर से सौ मीटर दूरी पर जामुन के पेड़ पर फंदे से लटकता हुआ एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है जो कई दिनों पुराना लगता है पुलिस ने शव शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी जिसे पी एम को भेजा गया है। पुरवा मौरावा रोड पर बिल्लेश्वर मंदिर मोड से कुछ दूरी पर महादेव के खेत स्थित जामुन के पेड़ पर एक युवक का शव लटकता हुआ ग्रामीणों ने देखा जिसकी सूचना ग्राम प्रधान ने कोतवाली भेजा घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक भुवन सिंह मौर्य दल बल के साथ पहुंचे और शव को नीचे उतार कर विच्छेदन ग्रह भेज दिया है पुलिस का अनुमान की शव पांच दिन पुराना है पुलिस ने शव के पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन कोइ पहचान नहीं हो सकी। घटना स्थल का फोरेंसिक टीम ने बारीकी से निरीक्षण किया ।कोतवाल ने बताया कि शव लावारिश में है पीएम रिपोर्ट के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, दो युवक घायल

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के मुंशीगंज अजगैन सम्पर्क मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के जरेलिया गांव निवासी राजेंद्र पुत्र सुरेश किसी काम से रसूलाबाद जा रहा था तभी परेंदा गांव निवासी मोनू यादव पुत्र रामकुमार यादव रसूलाबाद की ओर से आ रहा था इसी बीच खड़हरा गांव के पास दोनों बाइकों की भिंडत में दो युवक घायल हो गए जिन्हें गभींर हालत में मियागंज अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर पिता की मौत पुत्री घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। रविवार दोपहर एक बेकाबू ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल बेटी को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के हरदोई-उन्नाव मार्ग पर स्थित हरित ढाबा के पास हुई। आलमऊ सराय गांव निवासी 55 वर्षीय इरशाद अपनी 30 वर्षीय बेटी नगमा और दो नातिनों, 3 वर्षीय रुमैशा व 1 वर्षीय हुमैरा के साथ बांगरमऊ बाजार जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि इरशाद की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी बेटी नगमा गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें स्थानीय लोगों ने सीएचसी पहुंचाया और बाद में लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।




पुलिस ने मृतक इरशाद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। हादसे में इरशाद की दोनों नातिनें सुरक्षित बताई जा रही हैं।

### आग से लगभग पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से कुल 7 किसानों की लभभग पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई दमकल टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बमुश्किल आग पर काबू पाया। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव शिवबक्स खेड़ा के निकट रविवार को दोपहर करीब खेतो में धुंआ उठता दिखाई दिया जिससे आग लगने की सूचना से तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए तथा आग बुझाने का असफल प्रयास करने लगे किंतु विकराल रूप धारण कर चुकी आग की लपटें अपने प्रचंड रूप में जलने लगी तभी दी गई सूचना पर पहुंची दमकल टीम के सहयोग से आग बुझाने में सफलता मिल सकी इस दौरान ग्रामीण महेंद्र, सत्यनारायण, वेद प्रकाश, महेश, सुनील, परमेश्वर व विश्वंभर कुल सात किसानों की लगभग पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।

# किरायेदार महिला निकली शातिर चोर, 20 लाख के जेवर समेत दो गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कोतवाली सदर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 20 लाख रुपये कीमत के चोरी के जेवरात और सामान बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस मामले में एक महिला और एक सर्राफ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 75 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद हुआ ।पुलिस के मुताबिक 23 अप्रैल को एबी नगर निवासी मनीष शुक्ला ने अपने पूर्व किरायेदार राज पाण्डेय और उसकी पत्नी इन्दू पाण्डेय पर घर से जेवर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हुसैन नगर नहर पटरी के पास से इन्दू पाण्डेय और कुलदीप सोनी को गिरफ्तार किया ।पूछताछ में इन्दू पाण्डेय ने



मकान मालिक का भरोसा जीतकर चाबी से स्टोर खोल जेवर चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस के अनुसार चोरी के कुछ जेवर पहले ही लखनऊ में बेचे जा चुके थे और उसी रकम से जमीन भी खरीदी गई थी ।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में नई धाराएं बढ़ाते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। कार्रवाई में कोतवाली, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त भूमिका रही।

# पेड़ से लटकता मिला अज्ञात युवक का शव जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के जसरा गांव के बाहर रविवार सुबह एक खाली पड़े प्लाट में खड़े पेड़ से युवक का शव लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता न मिलने पर मचुर्री में रखाकर सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान कराने में जुट गई है ।शव लगभग दो दिन पुराना प्रतीत होता है

कोतवाली क्षेत्र के जसरा गांव के बाहर रविवार सुबह ग्रामीण बाग में आम की फसल देखने गए थे ।तभी कानपुर-बालामऊ रेलवे ट्रैक के पास सुनसान जगह पर एक प्लाट में खड़े आम के पेड़ से युवक का शव लटकता ग्रामीणों में हड़कंप मच गया मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई लगभग



25 वर्षीय मृतक का शव लगभग दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा था ।लाल रंग की शर्ट से गले में फंदा पड़ा था पास में ही उसकी चप्पलें पड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता न मिलने पर पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि आसपास थानों में गुमशुदा लोगों की जानकारी कर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। वही सोशल मीडिया के माध्यम से भी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है

# वारंटी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर पुलिस ने कोर्ट द्वारा जारी वारंट के आधार पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

थाना क्षेत्र में करीब 9 वर्ष पूर्व बक्सर के राजा राव राम बक्श सिंह पार्क बाउण्ड्री की आड गाँव पंचम खेडा में चोरी की योजना बना रहे दो व्यक्तियो की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली पुलिस ने उन्हें धर दबोचा जिसमे एक ने अपनी पहचान कन्हई उर्फ कन्हैया पासी पुत्र कृपा शंकर जबकि दूसरे ने अपना नाम शिवबरन पासी पुत्र घच्चो उर्फ राकेश पासी नि० जगतपुर थाना बारासगवर बतायी थी। जब उनकी तलाशी ली गयी तब कन्हई के पास से नाजायज चाकू बरामद हुआ था । उन्होंने टुकडी ग्राम मनगीपुर में कूलर चुराने की बात स्वीकार की थी। दोनो ब्यक्तियो पर धारा 401 कढउ व 4/25 शस्त्र अधिनियम लगा हिरासत




में ले लिया गया था। कोर्ट द्वारा चल रही पेशियों में अनुपस्थित रहने के कारण वारंट जारी हुआ था जिसके आधार पर थाना पुलिस के उ0नि0 रामचन्द्र मिश्र व हे0का0 सौरभ कुमार ने वारंटी अभियुक्त कन्हई उर्फ कन्हैया को गिरफ्तार कर मा० न्यायालय सदर उन्नाव के समक्ष भेजा दिया।

# अज्ञात डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानपुर लखनऊ हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। एम्बुलेंस ने घायल युवकों को सीएचसी पहुंचाया। जहां एक युवक को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी पवन 21 पुत्र शंकर और उसका ममेरा भाई पवन 22 पुत्र कमलेश बाइक से रविवार दोपहर नवाबगंज कस्बा जा रहे थे। इस दौरान अजगैन कोतवाली के पास हाइवे के फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गये। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल युवकों को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने पवन पुत्र शंकर को जिला अस्पताल रेफर




कर दिया। सूचना पर सीएचसी पहुंचे परिजन निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए घायल युवक को लेकर चले गये।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने वृद्ध किसान को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 60 वर्षीय किसान की मौत हो गई। सुक्खाखेड़ा गांव निवासी मुन्नू को शनिवार रात शारदा नहर पुल के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी।

जानकारी के अनुसार, मुन्नू जब नहर पुल के पास से गुजर रहे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला



अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मुन्नू को बचाने की कोशिश की, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन अस्पताल पहुंच गए। गांव में भी शोक का माहौल फैल गया है।

बताया गया कि मुन्नू अपने तीन भाइयों में से एक थे और अविवाहित थे। उनकी कोई संतान नहीं थी। घटना के बाद गांव में संपत्ति को लेकर विवाद की चचाएं भी तेज हो गई हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

फतेहपुर चौरासी के प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कटरी की शान बना श्री गंगोत्री आदर्श इंटर कॉलेज

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की हाई-स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के घोषित परिणाम में ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। क्षेत्र के श्री गंगोत्री आदर्श इंटर कॉलेज महरामऊ में हाई स्कूल की छात्रा अंकिता सैनी ने 85.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया वहीं आराध्या यादव 82.33 प्रतिशत, फिजा 81.6 प्रतिशत, खुशी यादव 80.83 प्रतिशत, कोमल 80.5 प्रतिशत, काजल 77.6 प्रतिशत सर्विस 76.5 प्रतिशत, राधा 75.5 प्रतिशत, आंचल 75.33 प्रतिशत, प्रियंका चौधरी 71.66 प्रतिशत, अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया

इंटरमीडिएट परीक्षा में वंशिका चौधरी ने 81 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया है। जबकि अंकेश यादव 72.4 प्रतिशत, सोनी तिवारी 70.8 प्रतिशत, अमृता यादव 70.02 प्रतिशत, प्रिया भारती 69.8 प्रतिशत सलोनी यादव 68.8 प्रतिशत, श्वेता यादव 68.4 प्रतिशत, रीता 68 प्रतिशत, शालू सिंह व नैंसी यादव ने 67.8 प्रतिशत बराबर बेहतर अंक हासिल करके माता-पिता एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस मौके पर छात्रों ने विद्यालय के संस्थापक स्व- राम बिहारी सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी।

प्रबंधक हरिवंश यादव व प्रधानाचार्य रामबाबू यादव ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जल भविष्य की कामना की। वही विद्यालय के उप प्रबंधक एडवोकेट संतोष कुमार यादव एवं प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्यों ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा,ℽकि इन बेटियों की सफलता केवल अंकों की कहानी नहीं है, बल्कि यह संघर्ष सफलता और सपनों की वह प्रेरणादायक गाथा है जो आभावों के बीच भी उजाला करना जानती है, कटरी क्षेत्र जहां आज भी संसाधनों की कमी, आर्थिक, कठिनाइयों और सामाजिक चुनौतियां शिक्षा की मार्ग में बाधा बनती हैं वही इस क्षेत्र की गरीबी , किसान मजदूर परिवारों की बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि यदि हौसले बुलंद हो तो कोई भी परिस्थिति सफलता की राह नहीं रोक सकती। अंत में उन्होंने कहा इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों तथा अच्छी शैक्षिक व्यवस्था दिलाने वाले अभिभावकों को जाती है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं सहयोगी शिक्षक के साथ साथ अध्यापक अमित कुमार यादव ने अभिभावकों से की भावुक अपील, बोले -अंक नहीं, बच्चों का उत्साह और मानसिक स्वास्थ्य है सबसे महत्वपूर्ण। उन्होंने अपने संदेश में कहा हर बच्चा अलग होता है और उसकी क्षमताएं भी अलग होती हैं अंक ही जीवन की सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं है कई बार तुलना और अत्यधिक उम्मीद के कारण बच्चे मानसिक तनाव में आ जाते हैं जो उनके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है ऐसे में जरूरी है कि हम उन्हें समझें उनका साथ दें और उनका हौसला बढ़ाया ना कि उन्हें डांट फटकार कर तोड़े।

वही राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अचलगंज में हाई स्कूल की छात्रा शालिनी यादव ने 89.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इस सफलता से परिवार में उत्सव जैसा माहौल है परिजन रिश्तेदार और शुभचिंतक लगातार बधाई दे रहे हैं। ग्राम टिकरी पदमरा पोस्ट हड़हा की रहने वाली छात्रा शालिनी ने यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादों और सच्ची मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।बच्चों की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बन गई है उन्होंने या संदेश दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो सफलता कदम चूमती है

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक के पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बोलेरो गाड़ी की टक्कर से घायल हुए युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है । अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव बड़हा निवासी कमलेश कुमार ने बिहार थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा लड़का सुरेन्द्र 17 अप्रैल को घर भगवन्तनगर जाने के लिए बाइक से




निकला था । सुबह 7 बजे सुमेरपुर तिराहे के पास रायबरेली से कानपुर की तरफ जा रही बोलेरो ने गाड़ी ने बेटे की बाइक मे टक्कर मार दी । जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया । राहगीरों की मदत से उसे प्राथमिक स्वास्थ केंद्र सुमेरपुर ले जाया गया । जहां उपचार के बाद रेफर कर दिया गया । अभी उसका इलाज हड़हा अस्पताल मे चल रहा है । बोलेरो की टक्कर से बाइक भी टूट गई । तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया । थाना प्रभारी राहुल ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी ।

# मेडिकल स्टोर से चोर ने नगदी समेत पार कर दिया कीमती सामान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मोतीनगर इलाके में देर रात एक मेडिकल स्टोर को चोर ने निशाना बना लिया। शैलेश मेडिकल स्टोर में हुई इस वारदात में नकदी समेत कीमती सामान चोरी हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है ।जानकारी के मुताबिक, बीती रात एक अज्ञात चोर मेडिकल स्टोर में घुसा। उसने दुकान के अंदर रखी नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गया। सुबह जब दुकान संचालक शैलेश दुकान पर पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गए। दुकान का सामान बिखरा पड़ा था और नकदी गायब थी। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें चोरी की पूरी घटना कैद मिली है। फुटेज में चोर का चेहरा और गतिविधियां स्पष्ट दिखाई दे रही हैं, जिससे उसकी पहचान की उम्मीद बढ़ गई है। मेडिकल स्टोर संचालक ने पुलिस को तहरीर देकर जल्द आरोपी की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। उन्होंने रात के समय सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं।

# बाइक की टक्कर से छात्र की मौत

## रिश्तेदार की शादी में गया था, काम से घर से बाहर निकला था

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर , एक सड़क हादसे में नौवीं कक्षा के 14 वर्षीय छात्र शैलेश की मौत हो गई। वह अपने परिवार के साथ रिश्तेदार की शादी में शामिल होने पीलीभीत आया था। यह घटना रविवार सुबह हुई, जिसके बाद शव को शाहजहांपुर में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।मृतक शैलेश शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के खिरिया



गांव का निवासी था। उसके पिता का नाम सियाराम है। शैलेश पीलीभीत जिले के थाना बिलसंडा क्षेत्र के बभूरा गांव में अपने कुछ रिश्तेदारों के यहां आया था। यहां छोटेलाल के बेटे सोनल बाबू की रविवार को शादी होनी थी ।बताया गया है कि शनिवार को परिवार के साथ शादी की तैयारियों में शामिल होने के बाद, रविवार सुबह शैलेश किसी काम से घर से बाहर निकला। वह गांव के बाहर हाईवे पर पैदल पहुंचा, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शैलेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शैलेश को बिलसंडा सीएचसी भेजा। परिजन उसे पीलीभीत ले जाने के बजाय शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम शाहजहांपुर में ही किया जा रहा है। पुलिस ने बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है ।शैलेश अपने माता-पिता की दो बेटियों में सबसे बड़ा भाई था।

# पुलिस लाइन में 497 महिला आरक्षियों का दीक्षांत समारोह

## बरेली कमिश्नर, डीएम-एसपी हुए शामिल; सीएम का संबोधन सुना गया

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बरेली कमिश्नर, जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान 497 महिला रिक्रूट आरक्षियों ने परेड का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संबोधन भी सुना गया। एसपी सौरभ दीक्षित ने कहा कि कठोर प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद, कुल 497 महिला रिक्रूट आरक्षियों ने उच्च स्तर के अनुशासन और समन्वय का प्रदर्शन करते हुए परेड की। परेड का नेतृत्व प्रथम परेड कमांडर चेस्ट नंबर 12 नेहा सिंह, द्वितीय परेड कमांडर चेस्ट नंबर 91 तान्या और तृतीय परेड कमांडर चेस्ट नंबर 412 अंजलि वर्मा ने किया। समारोह का शुभारंभ सुबह 8:00 बजे परेड कमांडर द्वारा परेड को निर्धारित स्थल पर लाने के साथ हुआ। इसके बाद पुलिस अधीक्षक



सौरभ दीक्षित के आगमन पर उनका अभिवादन किया गया। मुख्य अतिथि के आगमन के उपरांत उन्होंने परेड का निरीक्षण कर सलामी ग्रहण की।

### प्रभावी कार्यवाही करने के लिए प्रेरित किया

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित आरक्षियों और अतिथियों ने सुना। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने पुलिस बल को आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित होने, जनसंवेदनशीलता बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियों के प्रति प्रभावी कार्यवाही करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी ने अपने उद्बोधन में नवदीक्षित आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल को व्यवहार में लाकर समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## सम्पादकीय

# रिकॉर्ड मतदान परिपक्व लोकतंत्र का संकेत

हाल के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में जिस तरह रिकॉर्ड मतदान दर्ज हुआ है, उसने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों की मजबूती को एक बार फिर प्रमाणित किया है। दोनों राज्यों के लोगों ने वोटिंग में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बंगाल में लगभग 90 प्रतिशत और तमिलनाडु में 82 प्रतिशत मतदान हुआ। तमिलनाडु में पहली बार मतदाताओं ने इतनी बड़ी संख्या में वोट डाले। यह प्रमाणित करता है कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ें बेहद मजबूत हैं। ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह उस बढ़ती राजनीतिक चेतना का संकेत हैं, जो अब समाज के हर वर्ग तक पहुंच चुकी है। लोकतंत्र की असली ताकत नागरिकों की भागीदारी में निहित होती है। जब अधिक से अधिक लोग मतदान करते हैं, तो यह स्पष्ट संदेश जाता है कि जनता अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक है। लोग अपने मत के महत्व को समझने लगे हैं और उसका प्रयोग कर अपने मन व हितों को समझने वाले जनप्रतिनिधि के चुनाव के लिए कर रहे हैं। बंगाल में एक चरण का मतदान हो चुका है, अब उम्मीद है कि अगले चरण में भी रिकॉर्ड तोड़ मतदान होगा। बड़ी संख्या में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की राय भी चुनाव परिणाम में परिलक्षित होगी। लंबे समय तक यह चिंता जताई जाती रही कि शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम रहता है या युवा वर्ग राजनीति से दूरी बनाए रखता है। इस बार के आंकड़े इस धारणा को काफी हद तक तोड़ते नजर आते हैं। खासतौर पर पहली बार वोट डालने वाले युवाओं की सक्रियता इस बदलाव का महत्वपूर्ण पहलू है। उच्च मतदान के पीछे कई कारण हो सकते हैं। एक तरफ जहां राजनीतिक दलों की सक्रियता और चुनावी मुद्दों की तीव्रता मतदाताओं को मतदान केंद्र तक खींचती है, वहीं दूसरी ओर मतदाता सूचियों में सुधार भी एक अहम कारक है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) के बाद सूचियों को अधिक सटीक बनाया गया है, जिससे फर्जी, या निष्क्रिय, दूसरी जगह स्थानांतरित हो चुके लोगों के नामों को हटाया गया। इसका सीधा असर मतदान प्रतिशत पर पड़ा है, क्योंकि अब वास्तविक मतदाताओं की भागीदारी ज्यादा स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। असम, केरल और पुडुचेरी में भी हाल के चुनावों में रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया। यह प्रवृत्ति बताती है कि देशभर में मतदाता अब पहले की तुलना में अधिक सजग और सक्रिय हो रहे हैं। यह केवल चुनावी उत्साह नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था का संकेत है। रिकॉर्ड मतदान का एक बड़ा लाभ यह है कि इससे चुनी गई सरकारों की वैधता और स्वीकार्यता बढ़ती है। जब बड़ी संख्या में लोग मतदान करते हैं, तो यह सरकार को व्यापक जनादेश प्रदान करता है। इसके परिणामस्वरूप सरकारों पर यह दबाव भी बनता है कि वे किसी एक वर्ग या समुदाय के बजाय सभी के हितों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाएं। इस तरह उच्च मतदान सामाजिक समावेशन और संतुलित विकास को भी बढ़ावा देता है। यदि यह जागरूकता मतदान के बाद भी बनी रहती है, तभी लोकतंत्र वास्तव में परिपक्व कहा जा सकता है। कुल मिलाकर बंगाल और तमिलनाडु में हुआ रिकॉर्ड मतदान भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता और मजबूती का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि देश का मतदाता अब पहले से अधिक जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय हो चुका है। इस उत्साह को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि चुनावी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाया जाए। तभी यह कहा जा सकेगा कि भारत का लोकतंत्र न केवल विशाल है, बल्कि वास्तव में परिपक्व भी है।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

-डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# पंचायतीराज संस्थाएं- विकसित भारत का आधार स्तंभ

महात्मा गांधी के ग्राम- स्वराज की अवधारणा को साकार करने हेतु संविधान में 73वां संशोधन किया गया। 73वां संविधान संशोधन आधुनिक भारत के इतिहास में मिल का पत्थर है, इसका सीधा प्रभव स्थानीय स्व-शासन द्वारा लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास पर पड़ा एवं समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठा हुआ व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से जुड़ा। भारत गांवों का देश है, देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। आज आवश्यकता है, कि विकास की दिशा को पुनः परिभाषित किया जाए और ग्राम पंचायतें केवल लाभार्थी चयन तक सीमित ना रहे, बल्कि विकास का केन्द्र बिन्दु बने। पंचायती राज संस्थायें डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके कामकाज में पारदर्शिता, कार्यदक्षता और जवाबदेही को मजबूत बनाएं। पंचायती राज मंत्रालय ने इस दिशा में अभिनव प्रयास किए है, जो विकसित भारत का आधार स्तंभ है। माननीय प्रधानमंत्री 24 अप्रैल 2020 को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल का शुभारंभ कर ई-पंचायत का सूत्रपात किया, जिसमें पंचायत स्तर पर डिजिटल आयोजन, लेखांकन, निगरानी और ऑन-लाईन भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाया। ई-ग्रामस्वराज का सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के साथ एकीकरण होने से विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को वास्तविक समय में भुगतान करना संभव हो सका। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 2,58,730 ग्राम पंचायतों में से 2,44,175 ग्राम पंचायतों और उनके समकक्ष निकायों (94.37 प्रतिशत) ने ई-ग्राम स्वराज पीएफएमएस इंटरफेस के माध्यम से राशि रु. 39,440.70 /– करोड़ का भुगतान किया है, इसमें महाराष्ट्र राज्य ने सबसे अधिक राशि रु. 3512.37 करोड़, बिहार रु. 2695.35, मध्यप्रदेश 2129.33, पश्चिम बंगाल 2114.49, कर्नाटक 1870.97, ओडिसा 1813.69 तथा छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राशि रु. 761.35 करोड़ का भुगतान का किया है (18.03.2026 की स्थिति मे)।

पंचायतों के कार्यवाहियों का सही/प्रमाणित दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने के लिए ग्राम सभा और पंचायतों की बैठक के वाईस-टू-टेक्स्ट और सारांश के लिए एआई-सक्षम प्लेटफार्म ''सभासार'' प्रारंभ किया गया है। फरवरी 2026 तक 258,730 ग्राम पंचायतों मे से 1,15,115 ग्राम पंचायतों ने बैठकों के कार्यवृत्त तैयार करने के लिए सभासार पोर्टल का उपयोग किया और पोर्टल पर 3.39 लाख से अधिक कार्यवृत्त अपलोड किए है जो राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 43 प्रतिशत है। सभासार प्लेटफार्म को अपनाने वाले राज्यों में भी काफी भिन्नता है, तामिलनाडु (99.75 प्रतिशत), ओड़िसा (99.37 प्रतिशत), त्रिपुरा (90.75 प्रतिशत), झारखंड़ (79.82 प्रतिशत) और बिहार (79.01 प्रतिशत) ग्राम पंचायतों ने सभासार को अपनाया है, जो विकसित भारत के निर्माण में डिजिटल उपकरण के मजबूत एकीकरण को दर्शाता है। ''मेरी पंचायत ऐप'' ग्राम सभा सदस्यों को पंचायत विकास योजना, गतिविधियों और कार्यो की प्रगति के बारे में जानकारी तक पहुंच प्रदान करता है। पंचायत निर्णय, ग्राम सभा की बैठको के पारदर्शी संचालन और प्रबंधन को सुगम बनाता है।

ग्रामीण स्थानीय निकायों ने स्वयं के राजस्व स्रोत (ओएसआर) से वर्ष 2017-2018 से वर्ष 2021-22 के दौरान राशि रु. 25,595 करोड़ एकत्र किया गया, और इस अवधि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पर प्रति व्यक्ति ओएसआर रु. 59/- प्रति वर्ष था। राज्यों में प्रति व्यक्ति ओएसआर में काफी भिन्नता हैं, जो गोवा में सबसे अधिक रु. 1635/- पुदुच्चेरी में रु.757/-, केरला में रु. 286/- आन्धप्रदेश में रु. 209/-, गुजरात में रु.199/- एवं छत्तीसगढ में रु. 70/- प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष रहा है। ओएसआर संग्रह को डिजिटाइज करने के लिए "समर्थ पंचायत पोर्टल" विकसित किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं के राजस्व स्रोत में वृद्धि के माध्यम से आत्मनिर्भरता (स्वयं-निर्भरता) के अनुकरणीय प्रयासों को प्रोत्साहित करने हेतु पंचायती राज मंत्रलय द्वारा विशेष पुरस्कारों की भी घोषणा की गई। 16वें वित्त आयोग ने ग्रामीण स्थानीय निकाय निष्पादन अनुदान के रुप में राशि रु. 43,524/- करोड रुपए के आबंटन का सिफारिश की है, जिसे ओएसआर के सृजन और वृद्धि से जोड़ा गया है। डिजिटल सशक्तिकरण का उद्देश्य पंचायतों के वित्तीय प्रशासन में पारदर्शिता, कार्यदक्षता और विस्तारशीतला लाना है। पंचायतें 11वीं अनुसूची के 29 विषयों से संबंधित गतिविधियों पर कार्य योजना का निर्माण कर सतत विकास के 17 वैश्विक लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर 09 थीम में विभजित कर कार्य योजना का निर्माण कर रही है, वर्ष 2025-26 में 2,52,727 जी.पी.(93.91 प्रतिशत जी.पी) ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण की है। पंचायत एडवांसमेंट इनडेक्स (उन्नति सूचकांक) से पंचायतों की सही स्थिति सामने आई है, पंचायते स्थानीय स्तर पर 09 थीम के माध्यम से सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आगे बढ़ रही है, जो विकसित भारत के निर्माण में आधार स्तंभ है। डिजीटल कनेक्टिीविटी के विस्तार ने ग्राम पंचायतों को नई दिशा दी है। मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को ग्रामीणजनों तक सरलता एवं सुगमता से पहुंचाया है। विकसित भारत के निर्माण में पंचायतीराज संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, ग्रामसभा का सदस्य केवल उपभोग नही बल्कि उत्पादन प्रकिया में सक्रिय भागीदार होता है।



दिवस विशेष

बलकार सिंह पूनियां

# खामोशी से बदलता ग्रामीण भारत

भारत में पंचायती राज प्रणाली देश की शासन संरचना का एक अनूठा और अपरिहार्य हिस्सा है, जिसे सत्ता के विकेंद्रीकरण को सुनिश्चित करने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारत की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं में निहित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल स्थानीय लोकतंत्र को बढ़ावा देती है, बल्कि सहभागी शासन को भी सशक्त बनाती है और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज़ को प्राथमिकता प्रदान करती है। "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः"- भारत की सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की समृद्ध परंपरा रही है। आज भी महिलाएं इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं, जिससे नारी सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय निरंतर विस्तार पा रहा है। भारतीय लोकतंत्र की असली ताकत उसके गांवों में निहित है और इन गांवों की शासन व्यवस्था को सशक्त बनाने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

> भारत में पंचायती राज प्रणाली देश की शासन संरचना का एक अनूठा और अपरिहार्य हिस्सा है, जिसे सत्ता के विकेंद्रीकरण को सुनिश्चित करने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारत की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं में निहित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल स्थानीय लोकतंत्र को बढ़ावा देती है, बल्कि सहभागी शासन को भी सशक्त बनाती है और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज को प्राथमिकता प्रदान करती है। भारत की सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की समृद्ध परंपरा रही है। आज भी महिलाएं इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं।

73वें संविधान संशोधन (1992) के लागू होने के बाद, जब पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिला और महिलाओं के लिए कम से कम एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया गया, तब शायद ही किसी ने यह कल्पना की होगी कि यह प्रावधान एक गहरी सामाजिक क्रांति का आधार बनेगा। आज यह क्रांति किसी शोर-शराबे या आंदोलन के रूप में नहीं, बल्कि 'मौन क्रांति' के रूप में सामने आई है, जिसमें महिलाएं न केवल संख्या में बढ़ी हैं, बल्कि नेतृत्व के केंद्र में आकर ग्रामीण भारत के विकास की दिशा तय कर रही हैं। 73वां संविधान संशोधन भारतीय लोकतंत्र में विकेंद्रीकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हुआ, जिसने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक आधार प्रदान करते हुए महिलाओं के लिए न्यूनतम एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया। समय के साथ 20 से अधिक राज्यों द्वारा इसे 50 प्रतिशत तक बढ़ा देने से ग्रामीण शासन में महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है।

आज देश की लगभग 2.6 लाख पंचायतों में 31.5 लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों में करीब 14.5 लाख महिलाएं हैं, जो कुल का लगभग 46 प्रतिशत हैं, और कई राज्यों में यह आंकड़ा 50 से 53 प्रतिशत से भी अधिक हो चुका है। यह न केवल विश्व में स्थानीय स्तर पर महिलाओं की सबसे बड़ी राजनीतिक भागीदारी का उदाहरण है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि ग्रामीण लोकतंत्र अब पारंपरिक पुरुष-प्रधान ढांचे से आगे बढ़ चुका है। यह परिवर्तन केवल संख्यात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है। इस प्रकार पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से उभरता महिला नेतृत्व ग्रामीण भारत में एक 'मौन क्रांति' का रूप ले चुका है, जो बिना शोर-शराबे के सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और सशक्त लोकतंत्र की नई दिशा तय कर रहा है। महिला नेतृत्व के विस्तार ने ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं को बुनियादी ढांचे से आगे बढ़ाकर मानवीय विकास के केंद्र में स्थापित कर दिया है। जहां पहले पंचायतों का ध्यान मुख्यतः सड़कों, भवनों और भौतिक संरचनाओं तक सीमित रहता था, वहीं महिला प्रतिनिधियों ने पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा




और पोषण जैसे जीवन-गुणवत्ता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी है। विभिन्न अध्ययनों और आर्थिक सर्वेक्षणों से यह स्पष्ट होता है कि महिला-नेतृत्व वाली पंचायतों में आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, स्कूल नामांकन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, साथ ही सामाजिक कल्याण योजनाओं के फंड का उपयोग लगभग 30 प्रतिशत अधिक प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। पारदर्शिता और जवाबदेही के स्तर में भी वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आई है। इस प्रकार, पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी न केवल लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रही है, बल्कि ग्रामीण भारत के विकास को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जन-केंद्रित दिशा भी प्रदान कर रही है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों में महिलाओं का उभरता नेतृत्व आज ग्रामीण भारत में परिवर्तन की सशक्त मिसाल बन चुका है। पीआईबी 2024 के अनुसार, सम्मानित पंचायतों में से लगभग 42% का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में रहा है, जो यह दर्शाता है कि महिला प्रतिनिधि केवल सहभागिता तक सीमित नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की नई मानक स्थापित कर रही हैं। नारी शक्ति, "स्वस्थ पंचायत और बाल हितैषी पंचायत" जैसी श्रेणियों के साथ-साथ कार्बन न्यूट्रल जैसे आधुनिक विषयों में भी उनका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। महाराष्ट्र की पाटोदा ग्राम पंचायत द्वारा 26 पुरस्कार जीतना इस नेतृत्व क्षमता का सशक्त उदाहरण है।

सरकार द्वारा पुरस्कारों का नाम देवी अहिल्या बाई होल्कर और रानी लक्ष्मीबाई जैसी ऐतिहासिक नायिकाओं के नाम पर रखना भी इस परिवर्तन को सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक मजबूती प्रदान करता है। फिर भी यह 'मौन क्रांति' चुनौतियों से अछूती नहीं है। कई क्षेत्रों में 'सरपंच पति' जैसी प्रवृत्तियां महिलाओं की वास्तविक स्वायत्तता को सीमित करती हैं, जबकि पहली बार सार्वजनिक जीवन में आने वाली अधिकांश महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, वित्तीय प्रबंधन और संवैधानिक प्रावधानों की सीमित जानकारी होती है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार लगभग 70–80 प्रतिशत महिला प्रतिनिधियों को प्रारंभिक स्तर पर पंचायत की कार्यप्रणाली की पूरी समझ नहीं होती, जिससे उनके निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। इसके बावजूद, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और "सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान" जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने इस अंतर को तेजी से कम किया है। वर्ष 2025-26 में 7 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाना इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है, जिससे उनकी प्रशासनिक समझ, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। डिजिटल गवर्नेंस और वित्तीय सशक्तिकरण ने भी इस परिवर्तन को नई गति दी है।

यदि इसे सतत प्रशिक्षण, डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक समर्थन से और मजबूत किया जाए, तो यह मौन क्रांति न केवल ग्रामीण भारत का स्वरूप बदल सकती है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र को भी अधिक समावेशी और सशक्त दिशा प्रदान कर सकती है। स्पष्ट है कि पंचायतों में महिलाओं का नेतृत्व ग्रामीण भारत एक 'मौन क्रांति' के रूप में उभर रहा है। बिना शोर के लोकतांत्रिक भागीदारी, विकास की प्राथमिकताओं और सामाजिक संरचना को बदल रहा है। हालांकि, इस परिवर्तन को स्थायी रूप देने के लिए निरंतर प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय स्वायत्तता और सामाजिक सोच में बदलाव आवश्यक है। जब महिलाएं वास्तविक निर्णयकर्ता के रूप में पूरी तरह सशक्त होंगी, तब यह मौन क्रांति समावेशी और सशक्त ग्रामीण भारत की ठोस आधारशिला बन जाएगी।

## आत्मसंयम योग में स्थित रहें




संकलित

दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?




संकलित

प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाजा खोला जाएगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूं, ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाए। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुंच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनिया के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियां करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनिया की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### ज्ञान की विरासत व रचनात्मक अधिकारों का उत्सव

प्रतिवर्ष विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस 23 अप्रैल को मनाया जाता है। यह यूनेस्को द्वारा मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में पढ़ने की आदत, पुस्तकों और लेखकों को सम्मान देना है। सच तो यह है कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में पढ़ने की रुचियों को बढ़ावा देना, पुस्तकों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना, दुनिया भर के लेखकों, साहित्यकारों और रचनाकारों का सम्मान करना, विशेष रूप से एआई के इस युग में कॉपीराइट कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को ज्ञान और साहित्य से जोड़ना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस दुनिया भर में पुस्तकों, लेखकों, प्रकाशकों, पाठकों और बौद्धिक संपदा के उनके अधिकारों के महत्व को रेखांकित करता है।

*- सुनील मेहता, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### गहरी संवेदनाएं



उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में हुए सड़क हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। इस हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री,

### विचारधाराओं की लड़ाई



विचारधाराओं की इस लड़ाई में केवल कांग्रेस ही भाजपा को हरा सकती है। वे अधिकार छीनते है, हम उन्हें दिलाते हैं। वे संविधान मिटाना चाहते है, हम उसकी रक्षा करते है। वे भारत की विविधता को नष्ट करना चाहते हैं, जबकि हम हर संस्कृति और हर भाषा का सम्मान करते है।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### महिला आरक्षण



भारत की महिलाओं ने इस उम्मीद से संसद की ओर देखा कि 33% आरक्षण जल्द लागू किया जाएगा और नारी शक्ति को निर्णय लेने की प्रक्रिया में आवाज उठाने का मौका मिलेगा, लेकिन कांग्रेस व उनके सहयोगियों ने इस कदम को रोक दिया।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### उपद्रवी तत्व




भाजपा के उपद्रवी तत्व अब सीधे पुलिस पर भी हमला कर रहे हैं क्योंकि वे जानते है कि अहंकारी भाजपा सरकार ही उनकी रक्षक है। क्या अब पुलिस को भी पीड़ित कहा जाएगा?

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में हैकरों ने मंत्रालय के कंप्यूटर सिस्टम किए हैक

श्रीलंका के वित्त मंत्रालय ने कहा है कि साइबर हैकरों ने मंत्रालय के बाह्य संसाधन विभाग के कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर उसमें सेंध लगा ली और विदेशी मुद्रा भुगतान से संबंधित चोरी को अंजाम दिया। वित्त, योजना और आर्थिक विकास मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने चोरी के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य संबंधित संस्थानों के पास शिकायत दर्ज करा दी है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है, 'साइबर हैकरों ने संस्थान के अंदर बाह्य संसाधन विभाग के कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगा ली है।' यह बयान विपक्ष के उस दावे के बाद जारी किया गया



## ऑफ बीट

### घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं

एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवतः कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है।



## संक्षेप

### मुसाफिरखाना पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अपराध अभियान के तहत आरोपी पकड़ गया, विधिक कार्रवाई जारी**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुसाफिरखाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त फैजान को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में की गई। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया।पुलिस के अनुसार, थाना मुसाफिरखाना क्षेत्र में नियमित चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली। इसी सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 78/26 धारा 105, 351(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त फैजान (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। फैजान पूरे काजिम अली मजरे जाखा शिवपुर का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस द्वारा अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस गिरफ्तारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, कांस्टेबल ओम प्रकाश पाठक और कांस्टेबल सुरेन्द्र पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ग्रामीणों ने बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर पर पावर हाउस घेरा

**अमेठी के इन्हौना में एसडीओ को सौंपा ज्ञापन; आंदोलन की दी चेतावनी**

अमेठी , इन्हौना में अघोषित बिजली कटौती और स्मार्ट मीटरों की समस्याओं से नाराज ग्रामीणों ने पावर हाउस का घेराव किया।जिला पंचायत सदस्य विकास यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीओ (जगदीशपुर) अनमोल सिंह को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण भीषण गर्मी में शाम होते ही होने वाली अघोषित बिजली कटौती से परेशान हैं। उन्होंने शिकायत की कि कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है और बिजली कब बहाल होगी, इसकी जानकारी भी अधिकारियों के पास नहीं होती। प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटरों को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों के अनुसार, ये मीटर उनकी सहमति के बिना जबरन लगाए गए हैं और वास्तविक खपत से कहीं अधिक बिल आ रहे हैं। विभाग के अधिकारी बिलों में इस वृद्धि का संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से विभाग को चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के भीतर बिजली कटौती बंद नहीं हुई और स्मार्ट मीटर की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन और घेराव करने को मजबूर होंगे।एसडीओ अनमोल सिंह ने मौके पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, ज्ञापन स्वीकार किया और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत सदस्य विकास यादव के साथ बृजेश मौर्य, शुभम यादव, आदिल लतीफ 'बंटी', सरवन पासी, अख्तर, मोहम्मद शकील, सलीम, भवानी पासी सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

# मटिहा में मंगलपुरवा जैसी घटना टली

## भीड़ के बीच डीएफओ की सूझबूझ से तेदुआ सुरक्षित

**मटिहा गांव में पेड़ पर चढ़े तेंदुए को वन विभाग ने सुरक्षित उतारा**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच।कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज अंतर्गत ग्राम मटिहा में शुक्रवार को वन विभाग की सूझबूझ, साहस और धैर्य ने एक बड़ी अनहोनी टाल दी। उग्र भीड़ के बीच प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए न केवल हालात को काबू में किया, बल्कि तेंदुए की जान भी सुरक्षित बचा ली। करीब नौ घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ऑपरेशन ने ह्यमंगलपुरवाक्ष जैसी घटना की पुनरावृत्ति होने से रोक दिया गया।

शुक्रवार की सुबह नदी की कछार से निकलकर मटिहा गांव के खेत में पहुंचे तेंदुए ने वृद्ध किसान ननकन 70 वर्ष पर हमला कर उसे घायल कर दिया, जबकि घेराबंदी के दौरान दो अन्य ग्रामीणों को भी पंजा मार दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ तेंदुए को घेरने में जुट गए। भयभीत तेंदुआ पास के एक पेड़ पर चढ़ गया, लेकिन भीड़ ने उसे चारों ओर से घेर लिया। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी एस.के. तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह हालात संभालने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ लगातार उग्र होती जा रही थी और तेंदुए को नीचे उतारने का दबाव बना रही थी। इसकी जानकारी होते ही डीएफओ अपूर्व दीक्षित मौके पर पहुंचे। हालात की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाल लिया। उग्र भीड़ और खतरे के बीच कई बार वे खुद आगे बढ़कर लोगों को पीछे हटाते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस दौरान तेंदुआ पेड़ पर बेहद बेचैन थका हुआ था और किसी भी वक्त हमलावर हो सकता था, फिर भी डीएफओ वन विभाग एसटीपीएफ के साथ 8 घंटे तक मौके पर डटे रहे। उन्होंने भीड़ को शांत करने के लिए रणनीति के तहत सूरज ढलने तक इंतजार करने का निर्णय लिया। उनका आकलन था कि अंधेरा होते ही तेंदुआ खुद सुरक्षित निकलने की कोशिश करेगा। यह फैसला जोखिम भरा जरूर था, लेकिन यही सबसे सुरक्षित विकल्प भी साबित हुआ। और सूरज ढलते ही शाम लगभग 6:30 बजे तेंदुआ पेड़ से उतरा और भागने लगा, लेकिन भीड़ ने उसका पीछा कर दिया। जान बचाने के लिए वह पास के गन्ने के खेत में छिप गया। यहां फिर भीड़ ने खेत को घेरकर लाठियां लेकर तेंदुए को ढूँढना शुरू कर दिया, जिससे स्थिति एक बार फिर बिगड़ने लगी। इस दौरान डीएफओ ने सख्त रुख अपनाते हुए भीड़ को उकसाने वाले चार लोगों को हिरासत में लेने के निर्देश दिए और साफ चेतावनी दी कि वन्यजीव को नुकसान पहुंचाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। इसके बाद ग्रामीण पीछे हटे और हालात काबू में आए। करीब नौ घंटे तक चले इस पूरे ऑपरेशन में डीएफओ अपूर्व दीक्षित की मौजूदगी, साहस और रणनीतिक निर्णय सबसे निर्णायक साबित हुए। उनकी सक्रियता से न केवल ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई, बल्कि तेंदुए की जान भी बच गई। डीएफओ ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें वन्यजीवों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी और क्षेत्र में निगरानी टीमों के गठन के साथ पिंजरा लगाने के निर्देश दिए।गौरतलब है कि बीते 26 फरवरी को बहराइच वन प्रभाग के अंतर्गत नानपारा रेंज के मंगलपुरवा गांव में पेड़ पर चढ़े तेंदुए को उतारने के दौरान उग्र भीड़ ने उस पर हमला कर दिया था, जिससे रेंज कार्यालय ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी। मटिहा में इस बार प्रशासन की सतर्कता और डीएफओ के साहस ने उस दर्दनाक घटना की पुनरावृत्ति होने से रोक दिया।

# विष मुक्त खेती, नशा मुक्त गाँव चौपाल का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र स्थित देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर-रुपईडीहा में आज किसान परिषद के तत्वावधान में ₹विष मुक्त खेती नशा मुक्त गाँव₹ चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विकास खंड नवाबगंज (बाबागंज) के सैकड़ों किसान, पर्यवारणविद, शिक्षाविद एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने जिले के किसानों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाए जाने हेतु एक गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी विकास खंड में 120 क्लस्टर 50-50 हेक्टेयर के बनाए गए हैं, जिसमें चयनित किसानों के यहां प्राकृतिक खेती करने हेतु उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। आयोजक किसान परिषद प्रदेश संयोजक संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि ₹विष मुक्त खेती नशा मुक्त गांव' अभियान से जन जन को जोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु गांव में चौपाल का आयोजन कर लोगो को जागरूक भी किया जा रहा है। आयोजित चौपाल का संचालन किसान परिषद जिला संयोजक शिव पूजन सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव ने किया।आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह ने किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री जन जागरण हेतु संचालित वाहन को भी रवाना किया गया। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों ने ₹विष मुक्त खेती नशा मुक्त गांव₹से जन जन को जोड़ने का सामूहिक संकल्प भी लिया।

आयोजित चौपाल में प्रमुख रूप से गायत्री परिवार प्रान्त युवा प्रकोष्ठ प्रमुख जय प्रकाश वर्मा, प्रगतिशील किसान दुर्गेश वर्मा, जगत राम वर्मा, समाजसेवी पंकज यादव, गोविंद राव, शिक्षाविद राघवेंद्र शर्मा, प्रगतिशील किसान रुद्र प्रताप मिश्रा, राहुल उपाध्याय, संगठन प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र की छात्रा ने भी जिला टॉप-10 में बनाई जगह, क्षेत्र में खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं लगातार अपनी मेहनत और लगन से नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। इसी क्रम में मौलवी अयाज इंटर कॉलेज की होनहार छात्रा सदफ खान, ग्राम सखौता, ने 94% अंक प्राप्त कर जिला टॉप-10 में अपनी जगह बनाकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से गांव और विद्यालय में खुशी का माहौल है।सदफ खान एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश के बावजूद सदफ ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा बन गई है।सदफ का कहना है कि वह आगे चलकर सिविल सेवा की तैयारी करना चाहती हैं और देश सेवा उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपनी निरंतर मेहनत को दिया है।

विद्यालय परिवार और क्षेत्र के लोगों ने सदफ की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है।लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी प्रतिभा से समाज में नई मिसाल कायम कर रही हैं।इस संबंध में जानकारी एम.ए. किंडर गार्डन, गंडारा के डायरेक्टर मास्टर सलमान ने दी। उन्होंने सदफ खान को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है और आने वाले समय में वह और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी।

# नारकोटिक्स और पुलिस टीम की संयुक्त छापेमारी में 6.770 किलो चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**चरस की कीमत 1.5 करोड़ रुपये आंकी गई**

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर




रूपईडीहा, बहराइच।भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा से नारकोटिक्स और पुलिस टीम की संयुक्त छापेमारी में 6.770 किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार तड़के एक बड़ी सफलता हाथ लगी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में नारकोटिक्स यूनिट लखनऊ और रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 6.770 किलोग्राम अवैध चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार 26 अप्रैल 2026 को कस्बा रूपईडीहा में अवैध चरस की तस्करी की सूचना पर नारकोटिक्स यूनिट लखनऊ के उपनिरीक्षक सूरज सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने चकिया रोड स्थित सफीक मोबाइल रिपेयरिंग दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान आरोपी इस्माइल पुत्र हनीफ, निवासी जमुनहा गांव, थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच, उम्र लगभग 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 6.770 किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1.50 करोड़ रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नेपाल के बांके जिले के रास्ते भारत में चरस लाकर उसकी बिक्री करता था। इस बरामदगी के संबंध में थाना रूपईडीहा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय रवाना कर दिया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत, उपनिरीक्षक दीनानाथ सागर, उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर खान सहित नारकोटिक्स लखनऊ की टीम के सदस्य शामिल रहे। यह कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# मतीउल्ला खान दूसरी बार अध्यक्ष व शहाब बने महामंत्री

**दि बस आपरेटर्स एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। दि बस आपरेटर्स एसोसिएशन बहराइच का चुनाव रविवार को झिंगहाघाट स्थित बस स्टैंड पर हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी कमलेश्वर सिंह, चुनाव अधिकारी राकेश त्रिपाठी, मुहम्मद हफीजउल्ला व अभिनव अग्रवाल ने एसोसिएशन का चुनाव निष्पक्षता से कराया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार मतीउल्ला खान को निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर प्यारे मियां, शहाब जैदी को महामंत्री व इमरान खान को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सिसैया मार्ग के लिए अली महमूद हसन, रुपइडीहा मार्ग के लिए मेराज अहमद, कतर्निया मार्ग के लिए मकसूद अहमद, रामपुर मार्ग के लिए शहनवाज उर्फ शेबू, नवाबगंज मार्ग के लिए अवनीश वर्मा, शिवपुर मार्ग के लिए मोहम्मद कफील खान को सचिव चुना गया। सभी नवनिर्वाचित




पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि दि बस आपरेटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी आपसी तालमेल रखकर कार्य करें।

# नेपालगंज में मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान

**फायरिंग के बाद 370 ग्राम स्मैक सहित तीन गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के बांके जनपद स्थित नेपालगंज में जिला प्रहरी कार्यालय द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फिर से बड़ी कार्रवाई करते हुए 370 ग्राम स्मैक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।नेपालगंज के जिला प्रहरी कार्यालय के सूचना अधिकारी एवं निरीक्षक रमेश बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रहरी कार्यालय नेपालगंज को विशेष सूचना मिली थी कि उपमहानगरपालिका वार्ड संख्या 22 के शान्तिचोक क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों का कारोबार संचालित हो रहा है। सूचना के आधार पर लागू औषध नियंत्रण ब्यूरो शाखा कार्यालय नेपालगंज तथा जिला प्रहरी कार्यालय बांके की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस टीम के पहुंचते ही संदिग्ध व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस द्वारा तीन राउंड हवाई फायरिंग कर उन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया गया। इस दौरान तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 28 वर्षीय दिनेश बासखोर, 35 वर्षीय नूर मोहम्मद किंगरिया तथा 29 वर्षीय फिरोज साई के रूप में हुई है। तीनों नेपालगंज उपमहानगरपालिका वार्ड संख्या 22 के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 370 ग्राम शुद्ध स्मैक, एक होंडा साइन मोटरसाइकिल तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जिला प्रहरी कार्यालय नेपालगंज के सूचना अधिकारी एवं प्रहरी निरीक्षक रमेश बिष्ट ने बताया कि मामले में आवश्यक अनुसंधान और पूछताछ जारी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मादक पदार्थ की सप्लाई कहां से और किन लोगों के माध्यम से की जा रही थी।इस कार्रवाई को नेपालगंज क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। ज्ञात हो कि अभी दो दिन पहले ही 275 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली अभियुक्त को नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था।नेपाल पुलिस इस समय मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चला रही है।

# कलेक्ट्रेट में तालाबंदी की कोशिश

## एनसीईआरटी कोर्स लागू न होने पर किया प्रदर्शन, कांग्रेस सचिव और सपा नेता हिरासत में

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , शिक्षा माफियाओं पर एक्शन और एनसीईआरटी कोर्स लागू करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर प्रदर्शन हुआ। संयुक्त छात्र संगठनों के आह्वान पर कलेक्ट्रेट के गेट पर तालाबंदी करने पहुंचे कांग्रेस और सपा नेताओं को पुलिस ने बलपूर्वक हिरासत में ले लिया। इस दौरान कार्यकताओं और थाना सिविल लाइंस पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक हुई। नेताओं की गिरफ्तारी के बाद कार्यकताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

### नहीं लागू हो रहा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम

युवा कांग्रेस, समाजवादी छात्र सभा और मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने कलेक्ट्रेट घेराव का संयुक्त ऐलान किया था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि प्रशासन को पहले ज्ञापन सौंपा था। इसमें उन्होंने मांग की थी सत्र 2026-27 में एनसीईआरटी कोर्स को लागू किया जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जिला प्रशासन की ओर से बनाई गई कमेटी भी कोर्स लागू कराने में नाकाफी साबित हो रही है।

### तालाबंदी की दी थी चेतावनी

प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपने के बाद चेतावनी भी दी थी, अगर एनसीईआरटी कोर्स लागू नहीं किया गया तो कलेक्ट्रेट में तालाबंदी कर आंदोलन किया गया। नियत समय बीतने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां पर नारेबाजी करने के साथ कलेक्ट्रेट पर तालाबंदी की कोशिश की गई।

### राजा भैया और मोहसिन मेवाती हिरासत में

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश कांग्रेस सचिव राजा भैया और समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष मोहसिन मेवाती ने कार्यकताओं के साथ कलेक्ट्रेट का गेट बंद कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस उन्हें रोकने की कोशिश करती रही।

# सिलेंडर किल्लत से लोग परेशान

## 26 किमी दूर जाना पड़ रहा, व्यापारियों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , गैस सिलेंडर की किल्लत का मामला गरमा गया है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर बंद पड़ी प्रकाश गैस एजेंसी को दोबारा शुरू करने या अमेठी कस्बे में गैस वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। एडीएम ने एक सप्ताह के भीतर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। यह समस्या एक महीने पहले शुरू हुई, जब प्रशासन ने अमेठी की सबसे बड़ी प्रकाश गैस एजेंसी को अनियमितताओं के आरोप में बंद कर दिया था। शुरूआत में, कंपनी ने कस्बे के ककवा रोड स्थित देव मैरिज लॉन में उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित किए। हालांकि, भारी भीड़ और अव्यवस्था के कारण गैस वितरण का संचालन संग्रामपुर में स्थानांतरित कर दिया गया। अब संग्रामपुर के साथ-साथ रामगंज में भी उपभोक्ताओं को गैस की डिलीवरी की जा रही है। संग्रामपुर अमेठी कस्बे से 12 किलोमीटर दूर है, जबकि रामगंज 26 किलोमीटर दूर स्थित है। उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए इतनी दूर जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह से नुकसान हो रहा है। सिलेंडर की अनुपलब्धता के कारण छोटे दुकानदारों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई दुकानें पूरी तरह से बंद हो गई हैं, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ गया है। व्यापारी नेता महेश सोनी ने एडीएम अर्पित गुप्ता को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि गैस सिलेंडर की कमी से छोटे दुकानदार सड़क पर आ गए हैं

# महिला का पर्स चोरी

**3,000 कैश और जरूरी दस्तावेज बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, पुलिस ने कुंडा थाना क्षेत्र में एक महिला का पर्स चोरी करने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई 3,000 रुपये की नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं।यह घटना खेमीपुर निवासी एक महिला के साथ हुई, जब वह अपनी कॉस्मेटिक की दुकान बंद कर शारदा सहायक नहर के किनारे से घर जा रही थी। इसी दौरान तीन अज्ञात युवकों ने मौका पाकर उसका हैंडबैग छीन लिया। बैग में लगभग 3,000 रुपये नकद, आधार कार्ड और अन्य आवश्यक कागजात थे। घटना के बाद पीड़िता ने कुंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। महिला द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर पुलिस ने ताजपुर सगरा मोड़ के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहित शुक्ला (21 वर्ष), राहुल शुक्ला (22 वर्ष) और कुलदीप पटेल (22 वर्ष) के रूप में हुई है, जो तिवारीपुर के निवासी हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वे शराब पीने के आदी हैं और उन्होंने 23 अप्रैल 2026 की शाम खेमीपुर नहर के पास महिला का हैंडबैग चोरी किया था।पुलिस ने उनके पास से चोरी किया गया हैंडबैग बरामद किया, जिसमें नकदी और आधार कार्ड मौजूद थे।

# जन आक्रोश महिला पदयात्रा

## परिवहन मंत्री ने कहा- भाजपा ने नारी शक्ति को प्राथमिकता दी

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , रानीगंज के रस्तीपुर स्थित एक मैरिज हॉल में जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के परिवहन मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने की, जबकि रानीगंज के निवर्तमान विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने इसका संयोजन किया। इस अवसर पर महिला जन आक्रोश पदयात्रा और महिला जन आक्रोश अभियान के तहत एक प्रेस वार्ता भी आयोजित की गई। इसमें महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नारी शक्ति के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने दावा किया कि आज प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित वातावरण में आगे बढ़ रही हैं, जबकि पूर्ववर्ती सरकारों, विशेषकर कांग्रेस और सपा के शासनकाल में महिलाओं के सम्मान को लगातार ठेस पहुंची थी।सिंह ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ₹ जैसे अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आशीष श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा ने सदैव महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान किए हैं, जबकि विपक्षी दलों ने केवल वोट बैंक की राजनीति की है

## संक्षेप

### तुषार चौहान आतंकी कनेक्शन में गिरफ्तार

**फरवरी में आया था गांव, पिता मेरठ में करता है प्रॉपर्टी का काम**

बागपत , रमाला गांव निवासी तुषार चौहान को आतंकी गतिविधियों से जुड़े होने के आरोप में नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि तुषार का संबंध हिजबुल्ला की आतंकी गतिविधियों से है। इस गिरफ्तारी के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। यह चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, उसने आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और फरवरी के बाद गांव नहीं आया था। तुषार की परवरिश और शुरूआती पढ़ाई मेरठ में हुई थी। गांव में उनका पैतृक मकान पूरी तरह से खंडहर हो चुका है, जिससे परिवार का गांव से संपर्क कम हो गया है। तुषार के दादा गोवर्धन सिंह एक स्वतंत्रता सेनानी थे। उसके पिता शैलेंद्र मेरठ के गंगानगर क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। गांव में उसके चाचा खेती-बाड़ी करते है तुषार के पकड़े जाने की जानकारी होने के बाद परिवार ने उससे रिश्ता तोड़ने की बात कही है। गांव के विपिन कुमार ने बताया कि तुषार उनके चाचा का बेटा है। वह 20 फरवरी को गांव आया था। विपिन के अनुसार, तुषार अपने परिवार में सबसे कम पढ़ा-लिखा और अपने पिता का इकलौता पुत्र है। उसने कक्षा 8 तक पढ़ाई की थी। विपिन ने कहा कि तुषार मानसिक रूप से कमजोर था और वह इस गतिविधि में कैसे शामिल हुआ, यह उन्हें नहीं पता।

### युवती ने ससुराल पर दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप

**मारपीट और प्रताड़ना के बाद पुलिस से न्याय की गुहार, दो साल पहले हुई थी शादी**

रोशने बागपत , बागपत के खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है, जिसमें उसने बताया कि शादी के बाद से ही उसे अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है।युवती के अनुसार, उसकी शादी 22 जनवरी 2024 को गाजियाबाद निवासी से हुई थी। उसके पिता ने शादी में लगभग 9 लाख रुपये खर्च किए थे। हालांकि, शादी के तुरंत बाद से ही पति, सास-ससुर और अन्य परिजनों ने नकदी और मोटरसाइकिल के रूप में अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ लगातार मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक उत्पीड़न किया गया। युवती का आरोप है कि उसका पति शराब पीकर अक्सर उसके साथ अभद्र व्यवहार करता था और कई बार उसे घर से बाहर निकाल दिया जाता था।पीड़िता ने यह भी बताया कि उस पर जबरन नौकरी करने का दबाव बनाया गया। मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसके हाथों व शरीर पर गर्म चिमटे से जलाने का भी आरोप है। इन घटनाओं के कारण वह गंभीर रूप से बीमार हो गई।पीड़िता का आरोप है कि 10 जनवरी 2026 को ससुराल पक्ष ने उसे जान से मारने की योजना बनाई थी। इसकी भनक लगते ही उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया और अपने पिता को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पिता ने दरवाजा खुलवाकर उसकी जान बचाई। विवाहिता ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# नगर निगम बजट बैठक में हंगामा

## सड़कों के लिए 125 करोड़ आवंटित, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एक हफ्ते में बनेगा

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज, नगर निगम की बजट बैठक नारों और भारी हंगामे के बीच संपन्न हुई। पार्षदों ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और कार्यशैली को लेकर जमकर निशाना साधा, लेकिन इसके साथ ही शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी भी दी गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर निगम और जलकल का मूल बजट पेश किया गया, जिसमें शहर की सूरत बदलने के लिए भारी-भरकम राशि का प्रावधान है। शहर की सड़कों और नालियों को दुरुस्त करने के लिए 125 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। जलकल के मूल बजट में सीमा विस्तारित क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के लिए 500 करोड़ और नलकूपों की मरम्मत के लिए 15 करोड़ रुपए रखे गए हैं। आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि की गई है। अब उन्हें 11,000 रुपये के बजाय 13,100 रुपए प्रति माह मिलेंगे।

### दो बड़े प्रशासनिक सुधारों की घोषणा

एक हफ्ते में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनेगा । लोगों को महीनों इंतजार नहीं करना होगा। नई व्यवस्था के तहत आवेदन के मात्र 7 दिनों के भीतर क्यूआर कोड युक्त प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा। वहीं जो मकान मालिक अपने घरों पर सोलर पैनल लगवाएंगे या कूल पेंट (छत पर सफेद पेंट) करवाएंगे, उन्हें गृहकर में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसका उद्देश्य शहर में बिजली की बचत और गर्मी के प्रभाव को कम करना है।

### व्यावसायिक संपत्तियों पर नया शुल्क

सदन में यह भी तय किया गया कि अब व्यावसायिक भवनों पर 104 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से शुल्क (हाउस टैक्स) लिया जाएगा। हालांकि, कुछ पार्षदों ने इसका विरोध करते हुए इसे जनता पर अतिरिक्त बोझ बताया।

### हंगामे की भेंट चढ़ी शुरूआत

बैठक की शुरूआत काफी गरमागरम रही। पार्षदों ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सदन में नारेबाजी की। पार्षदों का आरोप था कि जनसमस्याओं पर ध्यान देने के बजाय अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। विशेष रूप से अतिक्रमण हटाने और कूड़ा निस्तारण के मुद्दों पर तीखी बहस हुई।

# गर्मी और धूप का कहर बरकरार

## चिलचिलाती धूप में घर से निकलना मुश्किल, हीट वेव की चेतावनी जारी

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज, अप्रैल के महीने ने ही भीषण गर्मी का अहसास करा दिया है। शनिवार को शहर का तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया वहीं शुक्रवार को 45.2 डिग्री सेल्सिअस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा जिसके बाद शनिवार को बांदा 47.2 के साथ सबसे गर्म जिला दर्ज किया गया। एक हफ्ते से लगातार प्रयागराज में तापमान 44 के करीब बना हुआ है जिससे गर्मी ने बेहाल कर रखा है। सुबह से ही तेज और चिलचिलाती धूप ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया।ऐसा महसूस हो रहा था मानो आसमान से आग बरस रही हो। दोपहर होते-होते सड़कों पर सन्नाटा छा गया और लोग घरों में रहने को मजबूर दिखे। जरूरी काम के अलावा कोई भी बाहर निकलने से बचता नजर आया। गर्मी का असर शहर की दिनचर्या पर साफ दिख रहा है। बाजारों में ठंडे पेय पदार्थों की मांग अचानक बढ़ गई है। जूस, शिकंजी और नारियल पानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। हर कोई किसी न किसी तरह से गर्मी से राहत पाने की कोशिश में लगा है। धूप से बचने के लिए लोग अलग-अलग उपाय अपना रहे हैं। कोई गमछा और टोपी का सहारा ले रहा है, तो कोई छाता लेकर निकल रहा है। बावजूद इसके, तेज लू और तपती धूप ने जनजीवन को काफी प्रभावित कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी जा रही है।

# महिला के गले पर धारदार हथियार से हमल

**परिवार के लोग गोद में उठाकर एसएसपी ऑफिस पहुंचे, 2 घंटे में आरोपी पति गिरफ्तार**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , जिस महिला पर धारदार हथियार से हमला किया गया उसे न्याय दिलाने के बजाय ब्रह्मपुरी पुलिस ने भगा दिया। गुरुवार को परिवार के लोग महिला को गोद में उठाकर एसएसपी ऑफिस पहुंचे। यहां महिला खूब रोई। महिला का आरोप है कि पुलिस उसके हमलावर ससुरालियों को बचाने का काम कर रही है। उधर महिला के हंगामे के 2 घंटे बाद ही पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। ई रिक्शा में सवार होकर एक महिला एसएसपी ऑफिस पहुंची। महिला की गर्दन पर घाव था और पट्टी लगी हुई थी। पूछने पर बताया कि वह लिसाड़ी गेट के श्याम नगर की रहने वाली है। उसे पर गलत काम करने का दबाव बनाया जा रहा था। उसने जब मना किया तो पति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शादी के बाद से ही परेशान करने का आरोप घायल बेटी को लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंची मन्नो ने बताया कि 8 साल पहले उसने अपनी बेटी की शादी रशीद नगर के दिल नवाज से की थी। शादी के बाद ही बेटी को तरह-तरह से परेशान किए जाने लगा। कई बार विवाद हुआ लेकिन हर बार उन्होंने ही बेटी को शांत कर दिया। 2 दिन पहले पति ने उस पर जानलेवा हमला किया, जिसमें वह लहूलुहान हो गई। पुलिस पर लगाया अभद्रता का आरोप पीड़िता ने बताया कि वह घायल अवस्था में ही दर-दर भटक रही है।

वह अपने परिवार को लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए ब्रह्मपुरी थाने पहुंची थी

# सेंट्रल मार्केट में चल रहा महिलाओं का धरना खत्म

## सांसद ने बात की, व्यापार संघ के अध्यक्ष बोले- सच्चाई नहीं जान पाए अरुण गोविल

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , सेंट्रल मार्केट में 15 दिन से चल रहा महिलाओं के प्रदर्शन के बीच सांसद अरुण गोविल पहुंचे। उन्होंने महिलाओं से बात की। इसके बाद उन्होंने धरना स्थगित कर दिया। वहीं दूसरी और सांसद से इस मुद्दे पर बात न होने को लेकर संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने भी आपत्ति जताई ।उन्होंने कहा कि संसद के साथ कुछ ऐसे लोग थे जिन्होंने सांसद को व्यापारियों की वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं होने दिया और हमारे सांसद व्यापारियों के बीच तो पहुंचे लेकिन व्यापारियों की ही समस्या को नहीं जान सके ।भगवान पर भरोसे का दिया आश्वासन नवीन गुप्ता ने कहा कि हमारे सांसद देर ए दुरुस्त आए इस बात से हमें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि हो सकता है, वह कहीं व्यस्त हो इसलिए उनको यहां आने में 15 दिन का समय लगा। आज जो उन्होंने यहां बातें कहीं उसमें सिर्फ मुख्य रूप से यही है कि भगवान पर भरोसा रखिए हम भी इस बात से सहमत हैं और हमें भगवान पर भरोसा भी है। लेकिन यह आश्वासन कोई इस प्रकार का ठोस आश्वासन नहीं है। जिससे व्यापारियों को राहत महसूस हो सके ।कुछ लोगों की वजह से नहीं जान पाए सच्चाई उन्होंने कहा कि सांसद अरुण गोविल व्यापारियों की समस्या जानने के लिए यहां पहुंचे थे। वह व्यापारियों के बीच जरूर पहुंचे, लेकिन व्यापारियों से ही उनकी बात नहीं हो पाई क्योंकि उनके साथ कुछ ऐसे लोग मौजूद थे जिन्होंने उन्हें वहां व्यापारियों से बात नहीं करने दी। हम व्यापारियों की लड़ाई लड़ते हैं संयुक्त व्यापार संघ के पदाधिकारी हैं, इसीलिए हम यह चाहते थे कि उन्हें व्यापारियों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जाए लेकिन कुछ लोगों ने ऐसा नहीं होने दिया। आपस में हुई नोकझोंक सांसद अरूण गोविल वक्त धरना स्थल से जाने लगे उस वक्त संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता और सांसद के साथ मौजूद एक व्यक्ति की आपस में कहां सनी भी हुई। हालांकि सांसद ने दोनों को समझाते हुए स्थिति को शांत कराया। इस दौरान एक व्यक्ति ने कहा कि आप 5 मिनट बैठकर अलग से बात कीजिए

# स्कॉर्पियो ने बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर

**ड्राइवर की पुलिस की मौजूदगी में भीड़ ने की पिटाई**

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , भावनपुर थाना क्षेत्र में रात एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद जमकर बवाल हो गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दंपति और उनकी मासूम बच्ची को टक्कर मार दी, जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने आरोपी चालक की पिटाई कर दी और मौके पर हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद लोगों की भीड़ ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की घटना से जुड़े 3 वीडियो गुरुवार रात से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जानकारी के मुताबिक, भावनपुर क्षेत्र के भोपाल विहार जय भीम नगर निवासी विजयपाल सिंह ने बताया कि रात में उनका बेटा पवन कुमार अपनी पत्नी अंजलि और बेटी मानवी के साथ बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वे बैंक ऑफ बड़ौदा के पास चौधरी होटल के नजदीक पहुंचे, पीछे से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पवन कुमार और उनकी बेटी मानवी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। भीड़ का फूटा गुस्साहादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। भीड़ ने आरोपी चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह चालक को भीड़ से बचाया। हालांकि, इस दौरान भीड़ और ज्यादा भड़क गई

# एसआईटी करेगी 4 साल की बच्ची से रेप-हत्या की जांच

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जांच निष्पक्ष होनी चाहिए; 3 महिला अफसरों को जिम्मेदारी

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद , 4 साल की बच्ची का रेप और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने यूपी के डीजीपी को एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। तीन वरिष्ठ महिला अधिकारियों की टीम अब नए सिरे से जांच करेगी। कोर्ट ने साफ शब्दों में ये भी कहा है कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पीड़िता के माता-पिता की शिकायतों को गंभीरता से लेने, गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पूरे मामले में निजी अस्पतालों की भूमिका की गहराई से जांच करने का भी निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान, पीड़ित पक्ष के वकील ने अदालत को बताया कि जब बच्ची को निजी अस्पताल ले जाया गया था, तब वह जीवित थी। इस पहलू को कोर्ट ने विशेष रूप से ध्यान में रखने को कहा है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है ।ये है पूरा मामलसिहानीगेट थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी के पास चार साल की बच्ची के पिता रंगाई-पुताई का काम करते हैं। उनकी शादी 12 साल पहले हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। दो बेटों से छोटी 4 साल की बच्ची थी। पत्नी अपने पति बच्चों को तीन साल पहले छोड़कर चली गई थी। उसके जाने के बाद पति ही बच्चों की देखभाल करता है ।पड़ोस में रहने वाला गौरव प्रजापति (24) का उसके घर आना-जाना था। बच्चे उससे घुले-मिले थे। परिवार के मुताबिक, सोमवार की शाम करीब 7 बजे वह चार साल की बच्ची से खेलने लगा। उसके बाद टॉफी दिलाने का लालच देकर उसे अपने साथ ले गया। घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर एक खाली पड़े प्लॉट में उसका रेप किया। उसके बाद ईंट-पत्थर से उसके सिर और चेहरे पर वार किया। वारदात को अंजाम देकर वह भाग गया। इस बीच घर में बच्ची को नहीं देखकर पिता परेशान हुआ। पुलिस को सूचना दी। इसी बीच रात करीब 9 बजे प्लॉट के कोने पर बच्ची खून से लथपथ मिली। आसपास रहने वालों ने डायल 112 पर पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद बच्ची को एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां कुछ घंटों के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया रेप केस में पुलिस ने नहीं लिखी ऋकफपीड़ित पक्ष के वकील का कहना है कि घटना के बाद पुलिस ने मदद की बजाय बच्ची के पिता को डरा-धमकाकर चुप रहने को कहा था। ऋकफ भी 17 मार्च को दर्ज हुई, जबकि घटना 16 मार्च की रात की थी। रेप के आरोप के बावजूद पुलिस ने शुरूआती ऋकफ में सिर्फ हत्या की धारा लगाई। न रेप की धारा जोड़ी गई, न ही पॉक्सो एक्ट लगाया गया।

# एसई से बोलीं महिलाएं- मीटर हटाओ वरना चूड़ी पहन लो

## स्मार्ट मीटर को लेकर लगाए गए कैंप में हंगामा, पुलिस बुलाई गई

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ , स्मार्ट मीटर को लेकर गुस्सा थमता नहीं दिख रहा है। विद्युत विभाग के विशेष कैंप में मीटर को लेकर फिर हंगामा हो गया। गुस्साई महिलाओं ने कैंप पर मौजूद अफसरों को चूड़ी भेंट कर दी जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। हंगामे की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस पहुंच गई और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। पहले जानते हैं क्या है पूरा मामला जिले में बड़े स्तर पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम चल रहा है। जैसे-जैसे मीटर लगते जा रहे हैं वैसे-वैसे लोगों की शिकायतें बढ़ गई हैं। मोहनपुरी की महिलाएं पिछले काफी समय से विरोध दर्ज करा रही है। उनके सब्र जवाब दे गया और उन्होंने न्यू मोहनपुरी स्थित बिजली घर पर हंगामा कर दिया। बिजली घर पर लगाया गया था कैंप स्मार्ट मीटर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पीवीवीएनएल के द्वारा शुक्रवार को न्यू मोहनपुरी स्थित बिजली घर पर विशेष कैंप लगाया गया था। जैसे ही मोहनपुरी की महिलाओं को इसकी भनक लगी, वह बिजली घर पहुंच गई और अधिकारियों का घेराव कर दिया। महिलाओं ने रए को भेंट की चूड़ियां बिजली घर पर हंगामा कर रही महिलाओं को मौके पर मौजूद अफसर ने समझाने की कोशिश की लेकिन मैं समझने को तैयार नहीं थी। उनका केवल यही कहना था कि जल्द से जल्द उनके घर से स्मार्ट मीटर हटाया जाए। मौके पर मौजूद सुपरिटेंडेंट इंजीनियर अरशद खान ने बात करने की कोशिश की तो महिलाओं ने उन्हें चूड़ियां भेंट कर दी।मोबाइल चलाता देख भड़की महिलाएं बिजली घर पर महिलाओं की भीड़ लगी थी। हर किसी के हाथ में बिजली के बिल थे। सभी का पारा चढ़ा हुआ था। हंगामा के बीच विद्युत विभाग के अफसर अपने मोबाइल में व्यस्त हो गए। यह देख महिलाओं का पारा चढ़ गया। उन्होंने सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के हाथ से मोबाइल छीन लिया और चूड़ियां थमा दी।पुलिस की भी नहीं सुनी महिलाओं ने सुपरिटेंडेंट इंजीनियर को बंधक बनाने की सूचना पर सिविल लाइन थाने की पुलिस भी बिजली घर पहुंच गई। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को समझाने की काफी कोशिश की लेकिन महिलाओं ने उनकी भी नहीं सुनी। दोनों अफसरों को वहीं पर बंधक बना लिया और बिजली घर से बाहर नहीं आने दिया। करीब 4 घंटे तक बिजली घर पर हंगामा होता रहा। महिलाएं बोली- लिख कर दो नहीं कटेगी बिजली हंगामा बढ़ता जा रहा था और राहत की कोई उम्मीद अफसरों को दिखाई नहीं दे रही थी। उन्होंने कई बार बात करने की कोशिश की लेकिन महिलाएं मीटर हटाने पर अड़ी थीं। बाद में वह मांग करने लगी कि अफसर लिख कर दें कि बिल जमा ना होने पर 15 दिन तक बिजली नहीं कटेगी। वह सुपरिटेंडेंट इंजीनियर से लिखित गारंटी मांग रही थीं।

# ग्रेटर नोएडा के जुनेदपुर में भीषण आग

## किसानों का लाखों का चारा और कृषि सामान जलकर राख

**अमन लेखनी समाचार**



ग्रेटर नोएडा , दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित जुनेदपुर गांव के जंगल में भीषण आग लग गई। इस घटना में किसानों को लाखों रुपये का भारी नुकसान हुआ है। आग की चपेट में आकर पशुओं के लिए रखा गया चारा और अन्य कृषि संबंधी सामान जलकर राख हो गया ।जानकारी के अनुसार, गांव निवासी संदीप बिधूड़ी, संजू बिधूड़ी, सुशील, सुरेंद्र शर्मा और देवेंद्र नागर सहित कई किसानों ने गेहूं की फसल के अवशेष को पशुओं के चारे के रूप में खेतों में एकत्र कर रखा था। अज्ञात कारणों से इन ढेरों में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने स्वयं आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। इसके बाद सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक खेतों में रखा अधिकांश चारा जलकर नष्ट हो चुका था। आग की लपटों में कई ग्रामीणों के बोंगे और बिटोरे भी जल गए, जिससे नुकसान और बढ़ गया।

# नोएडा में क्लाउड किचन पर दो लाख का जुर्माना

## बल्क वेस्ट जनरेट नियमों का पालन नहीं कर रहे, जब्त की गई प्रतिबंधित प्लास्टिक

**अमन लेखनी समाचार**




नोएडा ,प्राधिकरण ने सेक्टर-8 स्थित केआईसी फूड प्रोडेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के क्लाउड किचन पर बल्क वेस्ट जनरेट के नियमों का पालन नहीं करने पर 2 लाख का जुमार्ना लगाया गया है। यहां खामियां निरक्षण के दौरान मिली। निरीक्षण टीम का नेतृत्व जन स्वास्थ्य अधिकारी इन्दु प्रकाश सिंह और हेल्थ एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के प्रबंधक राहुल कुमार ने किया। जांच के दौरान क्लाउड किचन में कई गंभीर खामियां पाई गईं। बल्क वेस्ट जनरेटर होने के बावजूद यहां ईटीपी (इफफ्ल्यूंट ट्रीटमेंट पलांट) क्रियाशील नहीं मिला। साथ ही ऑयल-ग्रीस ट्रैप और ट्यूब सेटलर भी बंद पाए गए।निरीक्षण में यह भी सामने आया कि यूनिट में फ्लो मीटर नहीं लगाया गया है और स्लज मैनेजमेंट मानकों के अनुरूप नहीं है। लॉगबुक का अभाव मिला और केमिकल डोजिंग भी सही तरीके से नहीं की जा रही थी। 30 किलो प्लास्टिक जब्तइसके अलावा, बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आने के बावजूद आर्गेनिक वेस्ट कनर्वटर प्लांट नहीं लगाया गया था। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का भी उल्लंघन किया जा रहा था। अपशिष्ट का सही तरीके से पृथक्करण और भंडारण नहीं किया जा रहा था। नोएडा क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद यूनिट में इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल पाया गया, जिसके चलते टीम ने मौके से करीब 30 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त किया।

# मॉडलिंग संचालिका ने युवती पर लगाया बदनाम करने का आरोप

## नोएडा के फिल्म सिटी में है कार्यालय, युवती ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर की अभद्र टिप्पणी

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा ,सेक्टर-16 में मॉडलिंग एजेंसी का संचालन करने वाली युवती ने एक अन्य युवती पर सोशल मीडिया के जरिए बदनाम करने के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर सेक्टर-20 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के उत्तम विहार निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि नोएडा के सेक्टर-16 स्थित फिल्म सिटी में कार्यालय है। कोर्ट में मांग चुकी है माफीवह एक मॉडलिंग एजेंसी का संचालन लगभग सात सालों से करती हैं। 2021 में एक युवक के साथ पार्टनरशिप हुई। वह करीब छह माह तक चली। इसी बीच उनकी मुलाकात जिला अमरोहा की एक युवती हुई। आरोप है कि उसके बाद से ही आरोपी युवती ने इंस्टाग्राम और फेसबुक पर वीडियो डालकर बदनाम करने का प्रयास किया। इसको लेकर उन्होंने कोर्ट में केस दायर किया। कोर्ट में आरोपी युवती ने माफी मांगी।

### सोशल मीडिया पर कर रही अभद्र टिप्पणी

इसके बाद कोर्ट ने भविष्य में उन्हें बदनाम न करने की चेतावनी दी। आरोप है कि इसके बावजूद आरोपी युवती ने साल 2024 से एक बार फिर बदनाम करना शुरू कर दिया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ

## श्रीमद्भागवत कथा एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू

**अमन लेखनी समाचार**



ककरबई (झांसी)। तहसील क्षेत्र के ग्राम कचीर में श्री श्री 1008 श्रीराम महायज्ञ, श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा का शुभारंभ गरौठा-ककरवई रोड स्थित प्रमोद यादव के कृषि फार्म हाउस से हुआ। डीजे, घोड़े एवं गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान कथा परीक्षित पूरनलाल यादव सिर पर भागवत पुराण धारण कर चल रहे थे, वहीं महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए यात्रा में भाग लिया। ग्राम भ्रमण के दौरान विभिन्न देव स्थलों पर पूजन-अर्चन के बाद कलश यात्रा का समापन कथा स्थल पर किया गया। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास सत्येन्द्र मिश्रा जी महाराज ने मनुष्य जीवन में श्रीमद्भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं कथा परीक्षित पूरनलाल यादव द्वारा भागवत महापुराण की आरती की गई। श्रीराम महायज्ञ में पुरोहित पंडित अमित तिवारी एवं यज्ञाचार्य पंडित संजय मिश्रा द्वारा विधि-विधान से यज्ञीय कार्य संपन्न कराए जा रहे हैं। वेदी पीठ पर पंडित अभय पांडेय, अशोक शुक्ला व आशीष मिश्रा द्वारा पूजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमोद यादव, दुर्गेश गौतम, हेमंत यादव, रामवीर, संस्कार, मनोज यादव, गुलजारी, धूराम परिहार, देवी विश्वकर्मा, जसपाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# रीवा-रांची मार्ग पर भीषण हादसा: ऑटो को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चालक की मौत, 4 गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रीवाझरांची राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाबर गांव के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय ऑटो में चालक सहित कुल 5 लोग सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू करते हुए सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने चालक विवेक कुमार (30 वर्ष) को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य चार घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस हादसे ने एक बार फिर हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरे को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

# संत निरंकारी भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

## निरंकारी भक्तों ने किया रक्तदान

**अमन लेखनी समाचार**



हमीरपुर। रविवार को संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में संत निरंकारी सत्संग भवन हमीरपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे ब्लड बैंक हमीरपुर के अनुभवी चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई। इस रक्तदान शिविर में हमीरपुर, सुमेरपुर, मौदहा, बिंवार, ककरऊ सहित हमीरपुर जिले के निरंकारी भक्तों द्वारा रक्तदान किया गया, जिसमें ब्लड बैंक हमीरपुर ने आवश्यकतानुसार 29 यूनिट रक्तदान प्राप्त किया तथा शेष लगभग 30 भक्तों को आवश्यकता पड़ने पर प्रार्थना पर रक्तदान हेतु पंजीकरण कर लिया गया। संत निरंकारी मण्डल के जिला संयोजक महात्मा श्री क्रांति कुमार निरंकारी जी ने जानकारी देते हुए बताया कि युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में ₹मानव एकता दिवस₹ 24 अप्रैल से वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे है जो करुणा और एकत्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ करेंगे। उल्लेखनीय है कि रक्तदान की यह पावन परंपरा पिछले चार दशकों से निरंतर जारी है। अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य, सरलता और सद्भावना का मार्ग दिखाते हुए युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और ऊर्जा को समाजसेवा में लगाने की प्रेरणा दी। बाबा हरदेव सिंह जी ने रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं का संदेश देकर सेवा को जीवन का अनिवार्य अंग बनाया, जिसे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंतर आगे बढ़ा रही हैं। संपूर्ण आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह पहल केवल जीवनदायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता, करुणा एवं उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी। इस रक्तदान शिविर में हमीरपुर, सुमेरपुर, मौदहा, बिंवार, राठ, ककरऊ सहित हमीरपुर जिले के सैकड़ों निरंकारी भाईझबहिनों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान शिविर में भाग लिया।

**खास समाचार**

# तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में अज्ञात व्यक्ति की मौत

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। शक्तिनगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। पीडब्ल्यूडी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे व्यक्ति को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कोयला और फ्लाई ऐश ढोने वाले भारी वाहनों की तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्रामीण सड़कों पर भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही से आम जनजीवन खतरे में पड़ गया है। आए दिन हो रहे हादसों के बावजूद प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है घटना की सूचना मिलते ही शक्तिनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों की गति पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए और ओवरलोडिंग पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके लगातार हो रहे सड़क हादसे प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं, जिस पर तत्काल ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

# ट्रांसफार्मर न बदलने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र अंतर्गत भवर गांव के रंपाकुरर में बिजली विभाग की लापरवाही के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। खराब ट्रांसफार्मर को लंबे समय से न बदले जाने से नाराज ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया और विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो महीनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, जिससे दर्जनों घरों में अंधेरा छाया हुआ है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर इस भीषण गर्मी में बिजली न होने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे आक्रोशित होकर ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मामले की सूचना मिलने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया है। हालांकि, अब देखना होगा कि ग्रामीणों की समस्या कब तक दूर होती है।

# सोनभद्र में सूदखोरी और दबंगई का सनसनीखेज मामला



## युवक को बंधक बनाकर बेरहमी से पिटाई, कुएं में लटकाने का भी आरोप।

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र से सूदखोरी और दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। आरोप है कि कर्ज के नाम पर एक युवक को अगवा कर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। पीड़ित युवक के अनुसार, उसने लगभग 1.35 लाख रुपये का कर्ज लिया था, जिसके एवज में आरोपियों द्वारा लाखों रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी। 21 अप्रैल को आरोपियों ने युवक को अगवा कर लिया और उसे अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर प्रताड़ित किया। पीड़ित ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपियों ने उसे नमक डालकर पीटा, जबरन शराब पिलाई और यहां तक कि कुएं में लटकाकर जान से मारने की कोशिश की। युवक को अधमरी हालत में खेत में फेंककर आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद किसी तरह घर पहुंचे पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक और स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायत दी है। परिजनों का कहना है कि उन्हें आरोपियों से जान का खतरा बना हुआ है। वहीं पीड़ित का आरोप है कि पुलिस अभी तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में सूदखोरी के बढ़ते नेटवर्क को लेकर चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है।

# अजीत सिंह भारतीय जनता पार्टी उत्तर भारतीय मोर्चा के महामंत्री नियुक्त

**अमन लेखनी समाचार**

मुंबई ,भारतीय जनता पार्टी उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने सामाजिक कार्यकर्ता और दक्षिण मध्य मुंबई के अध्यक्ष अजीत सिंह को उनके कार्यों को देखते हुए उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई का महामंत्री नियुक्त किया है ,इससे कार्यकताओं में खुशी का माहौल है , भारतीय जनता पार्टी मुंबई के अध्यक्ष अमीत साटम के मार्ग दर्शक में भारतीय जनता पार्टी उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने दक्षिण मध्य मुंबई युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह को प्रमोट करते हुए उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई का महामंत्री नियुक्त किया है , इससे कार्यकताओं में खुशी का माहौल है ,लोगों ने अमीत साटम और प्रमोद मिश्रा का आभार व्यक्त किया है और अजीत सिंह को बधाई दी है , अपनी नियुक्ति पर अजीत सिंह ने मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमीत साटम और उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा का आभार जताया है और विश्वास जताया है साथ ही वादा किया है कि उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे

# रोटरी क्लब रेणुकूट में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न

**अमन लेखनी समाचार**




रेणुकूट सोनभद्र। रोटरी क्लब रेणुकूट द्वारा रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. डॉ. आशुतोष अग्रवाल की आधिकारिक क्लब विजिट अत्यंत सफलता पूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंडाल्को गेस्ट हाउस में हुआ, जहाँ क्लब के सदस्यों ने माल्यार्पण कर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ पधारे रोटरी क्लब वाराणसी सनराइज के रो. राजीव जयपुरिया एवं असिस्टेंट गवर्नर (अऋ) रो. रवि कटारे का भी सम्मान किया गया। इसके पश्चात डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, असिस्टेंट गवर्नर, क्लब अध्यक्ष एवं सचिव के मध्य एक महत्वपूर्ण आधिकारिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब द्वारा किए जा रहे समस्त कार्यों तथा क्लब के लेखा-जोखा की विस्तृत समीक्षा की और क्लब की गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया। तत्पश्चात क्लब विंध्याचल में सामान्य सभा का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 35 सदस्यों की सहभागिता रही। बैठक का संचालन रो. संजय रूंथला द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। क्लब की वरिष्ठतम एवं प्रथम महिला सदस्य रो. शीला सक्सेना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का स्वागत किया। वहीं रो. सुजीत सान्याल ने असिस्टेंट गवर्नर रो. रवि कटारे का,एवं रो. शशि तिवारी ने रो. राजीव जयपुरिया एवं रो. अमित जी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर रो. डॉ. प्रेमलता ने अपने परिचयात्मक उद्बोधन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. डॉ. आशुतोष अग्रवाल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे एक प्रतिष्ठित ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं तथा वाराणसी स्थित आयुष्मान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। क्लब अध्यक्ष रो. सुनील कांत पांडे ने बताया कि क्लब के अधिकांश सदस्य हिंडाल्को के विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं, इसके बावजूद सभी सदस्य समयाभाव के बीच भी मिलकर क्लब के प्रोजेक्ट्स को सफलता पूर्वक पूरा करते हैं। असिस्टेंट गवर्नर रो. रवि कटारे ने क्लब द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब रेणुकूट की मासिक रिपोर्ट हमेशा तय समय सीमा के अंदर प्राप्त होती है। उन्होंने क्लब सचिव रो. अजीत अस्थाना की रिपोर्टिंग शैली को अत्यंत प्रभावी एवं सराहनीय बताया। अपने उद्बोधन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. डॉ. आशुतोष अग्रवाल ने रोटरी क्लब रेणुकूट द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहयोग व जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए सदस्यों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने रोटरी फाउंडेशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों से इसमें योगदान देने की अपील की।

# अघोषित बिजली कटौती से बेहंदर क्षेत्र के लोग परेशान, भाजपा मंडल अध्यक्ष ने एसडीओ को लिखा पत्र

**अमन लेखनी समाचार**




कासिमपुर। बेहंदर क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से स्थानीय लोग गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मंडल अध्यक्ष गोपेन्द्र मिश्रा ने संडीला के विद्युत उपखंड अधिकारी (एसडीओ) को पत्र लिखकर तत्काल समाधान की मांग की है। अपने पत्र में मिश्रा ने बताया कि बेहंदर क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र से रात के समय 4 से 5 घंटे तक बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली काटी जा रही है। इससे आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ रहा है। खासकर भीषण गर्मी में रात के समय बिजली गुल रहने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए यह स्थिति और भी अधिक कष्टदायक है। बिना सूचना की जा रही कटौती को विभाग द्वारा रोस्टिंग का नाम दिया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। मंडल अध्यक्ष ने एसडीओ से मांग की है कि इस अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए और क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को सुचारु रूप से बहाल किया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। मिश्रा ने उम्मीद जताई है कि विद्युत विभाग जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा।

# मलेरिया उन्मूलन के लिए मिलकर बढ़ाएं कदम

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में इस जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके उन्मूलन के प्रयासों को तेज करना है। वर्ष 2026 की थीम मलेरिया समाप्त करने की दिशा में प्रेरितः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा लोगों को एकजुट होकर ठोस कदम उठाने का संदेश देती है। मलेरिया आज भी दुनिया के कई हिस्सों, विशेषकर अफ्रीका, सब-सहारा क्षेत्र और दक्षिण-पूर्व एशिया में गंभीर स्वास्थ्य संकट बना हुआ है। इसे खत्म करने के लिए वैश्विक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें संस्थाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। मलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो प्लास्मोडियम परजीवी के कारण होता है और संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह बीमारी तेजी से फैलती है और समय पर इलाज न मिलने पर जानलेवा साबित हो सकती है।

लक्षण और खतरे

विशेषज्ञों के अनुसार मलेरिया के प्रमुख लक्षण हैं:

तेज बुखार

ठंड लगना

सिरदर्द

शरीर में दर्द और थकान

मतली और उल्टी

गंभीर मामलों में यह सेरेब्रल मलेरिया, गंभीर एनीमिया और अंगों के फेल होने जैसी जटिलताएं पैदा कर सकता है। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे और गर्भवती महिलाएं सबसे अधिक जोखिम में रहती हैं।

मलेरिया का समय पर पता लगाकर इलाज किया जा सकता है। इसके लिए:

रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट

एंटी-मलेरियल दवाएं

आधुनिक वैक्सीन जैसे RTS,S और R21

अब पहले से ज्यादा प्रभावी साबित हो रहे हैं। इससे मलेरिया उन्मूलन की उम्मीद मजबूत हुई है।

मलेरिया से बचने के लिए कुछ जरूरी उपाय अपनाना बेहद आवश्यक है: कीटनाशक युक्त मच्छरदानी का उपयोग

घर के आसपास पानी जमा न होने देना

नियमित फॉगिंग और छिड़काव

बुखार होने पर तुरंत जांच

यशोदा हॉस्पिटल जैसे संस्थान मलेरिया सहित अन्य संक्रामक रोगों की जांच और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को बेहतर सुविधा और समय पर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि मलेरिया उन्मूलन केवल सरकारों या स्वास्थ्य संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। जागरूकता, समय पर इलाज और सावधानी से इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

विश्व मलेरिया दिवस 2026 हमें यह याद दिलाता है कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ा बदलाव ला सकते हैं। यदि हम सभी मिलकर सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें, तो वह दिन दूर नहीं जब दुनिया मलेरिया मुक्त होगी।

संकल्प लें – मच्छर से बचाव करें, समय पर जांच कराएं और जागरूकता फैलाएं।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। जनपद में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम, डायट परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम तथा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, निगरानी एवं व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की त्रुटिरहित सर्वोच्च प्राथमिकता है, सभी व्यवस्थाएं पूर्ण सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया है कि परीक्षा सम्पन्न कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखें तथा उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, परीक्षा के दौरान सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश पत्र जांच एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जाय इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# सोनभद्र में भीषण सड़क हादसा: बारात से लौट रही गाड़ी पलटी, 3 की मौके पर मौत, 5 घायल



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में वाराणसीझशक्तिनगर राजमार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना लोढ़ी चौकी अंतर्गत टाटा मोटर्स एजेंसी के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, एक चार पहिया वाहन में सवार बाराती खलियारी बैनी रायपुर से कन्हौरा लौट रहे थे। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि वाहन में चालक समेत कुल आठ लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और तुरंत अस्पताल भिजवाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क किनारे कराकर यातायात बहाल करा दिया है। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों की याद दिलाता है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।


**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

मुंबई। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।



## लाइफ Style

# साई

## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना

साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई


मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

## हॉलीवुड मसाला



# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन

मुंबई। ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुबंई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोट्र्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।



# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गन: मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर

मुंबई। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

मुंबई। इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरो के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्पार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज मे नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

मुंबई। काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

नई दिल्ली। दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते है। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वही, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।